Website: www.winews.in | Email: winews.in@gmail.com | दिल्ली, नोएडा,हापुड़, फरीदाबाद, मोदीनगर, मेरठ, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, रूड़की, हरिद्वार, देहरादून, मुरादाबाद, बुलंदशहर, अलीगढ़ मथुरा, आगरा,राजस्थान, पंजाब, बहराइच,रामपुर, लखनऊ, काशीपुर, देवन्बद में प्रसारित

दैनिक गाजियाबाद से प्रकाशित हिन्दी दैनिक

# वेलकम इंडिया

RNI NO. UPHIN/2018/76874

नये भारत की नई सोच

वर्ष: 6 अंक: 194 | बुधवार, 16 जुलाई -2025 (गाजियाबाद) | पेज-8 | मूल्य-एक रुपया

- अंतरिक्ष में 18 दिन रहकर धरती पर सकुशल वापसी
- कैलिफोर्निया तट पर हुई स्पेसक्राफ्ट की लैंडिंग
- पृथ्वी की कक्षा में सबसे लंबे समय तक रहने वाले पहले भारतीय

# ब्रह्मांड छूकर लौटे शुभांशु




**नई दिल्ली।** मिशन के दौरान शुभांशु ने जो वैज्ञानिक प्रयोग किए, वे न केवल भारत, बल्कि वैश्विक अंतरिक्ष अनुसंधान समुदाय के लिए भी नई दिशा का संकेत हैं। शुभांशु ने माइक्रो ग्रैविटी, साइनोबैक्टीरिया समेत सात प्रयोग किए। इसमें सूक्ष्म शैवाल पर शोध और स्टेम सेल अनुसंधान शामिल थे। अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) पर 18 दिनों के प्रवास के बाद शुभांशु शुक्ला मंगलवार को खुशी और मुस्कुराहट के साथ पृथ्वी पर लौट आए, लेकिन उनकी स्वदेश वापसी अभी करीब एक महीने दूर है। केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह के अनुसार, मिशन के बाद की औपचारिकताओं को पूरा कर शुभांशु अगले महीने 17 अगस्त तक भारत आ पाएंगे। शुभांशु की इस उपलब्धि के साथ भारत की मानवयुक्त अंतरिक्ष उड़ान गगनयान मिशन की महत्वाकांक्षाओं को साकार करने की तैयारी शुरू हो गई है। मिशन के दौरान शुभांशु ने जो वैज्ञानिक प्रयोग किए, वे न केवल भारत, बल्कि वैश्विक अंतरिक्ष अनुसंधान समुदाय के लिए भी नई दिशा का संकेत हैं। शुभांशु ने माइक्रो ग्रैविटी, साइनोबैक्टीरिया समेत सात प्रयोग किए। इसमें सूक्ष्म शैवाल पर शोध और स्टेम सेल अनुसंधान शामिल थे। नासा के अनुसार, अंतरिक्ष में मानव शरीर की प्रतिक्रियाएं, कोशिकाओं की जैविक क्रिया और स्वचालित स्वास्थ्य निगरानी जैसे क्षेत्रों से जुड़े प्रयोग भविष्य में चंद्रमा, मंगल और लंबे स्पेस अभियानों के लिए नींव तैयार कर सकते हैं। स्टेम सेल विभेदन से जुड़े शोध से कैंसर के इलाज में लाभ मिलेगा। शुभांशु भारत के दूसरे अंतरिक्ष यात्री हैं। उनसे पूर्व राकेश शर्मा 1984 में सोवियत रूसी मिशन के तहत अंतरिक्ष में गए थे। शुभांशु ने अंतरिक्ष स्टेशन की यात्रा करने वाले पहले भारतीय बनने व पृथ्वी की कक्षा में सर्वाधिक समय तक (20 दिन) रहने का भी इतिहास बनाया। शुभांशु और एक्सिओम-4 मिशन के तीन अन्य अंतरिक्ष यात्री भारतीय समयानुसार दोपहर 3:01 बजे प्रशांत महासागर में कैलिफोर्निया के सैन डिएगो तट पर उतरे। 28 हजार किमी प्रति घंटे से अधिक की गति से यात्रा करते हुए ड्रैगन अंतरिक्ष यान ने प्रशांत महासागर में उतरने से पहले तीव्र गर्मी का सामना किया और इन परिस्थितियों से निपटने के लिए तैयार किए गए उपायों को इस्तेमाल में लाते हुए धीरे-धीरे गति को कम किया और फिर पृथ्वी के वायुमंडल में प्रवेश किया और अंत में प्रशांत महासागर में गिरा।

## 28000 किमी/घंटे से अधिक रही ड्रैगन की रफ्तार



## स्वदेश वापसी का इंतजार...17 अगस्त तक भारत आएंगे शुभांशु

जितेंद्र सिंह ने कहा, कुछ विशेष मानक प्रक्रियाओं का पालन किया जाना जरूरी होता है। इसमें पृथ्वी के गुरुत्वाकर्षण के अनुरूप ढलना, कई तरह के विचार–विमर्श वाले सत्र, इसरो की टीम के साथ उनकी बैठकें आदि शामिल हैं। इनके पूरा होने के बाद ही वे भारत आ पाएंगे।

## अंतरिक्ष मिशन में मील का पत्थर



अंतरिक्ष मिशन में शामिल सभी वैज्ञानिकों और अंतरिक्ष यात्रियों को मेरी हार्दिक बधाई। शुभांशु शुक्ला ने साहस, समर्पण और वैज्ञानिक सोच का अद्वितीय उदाहरण पेश किया है।

## पीएम मोदी ने दी शुभकामनाएं



ऐतिहासिक अंतरिक्ष यात्रा से वापस लौट रहे शुभांशु शुक्ला का मैं पूरे देश के साथ स्वागत करता हूं। अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन का दौरा करने वाले भारत के पहले अंतरिक्ष यात्री के रूप में, उन्होंने अपने समर्पण, साहस और अग्रणी भावना से करोड़ों सपनों को प्रेरित किया है।

## 2027 में लॉन्च होगा गगनयान मिशन



## शुभांशु को देखकर माता पिता की आंखे भर आई

लखनऊ के सीएमएस स्कूल में आयोजित कार्यक्रम के दौरान शुभांशु शुक्ला का परिवार एक्सिओम–4 मिशन की उड़ान का गवाह बना। फाल्कन 9 रॉकेट पर एक नए स्पेसएक्स ड्रैगन स्पेसक्राफ्ट पर सवार होकर फ्लोरिडा के अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन से उड़ान की उलटी गिनती जैसे ही शुरू हुई, शुभांशु की मां हाथ जोड़कर प्रार्थना करती नजर आई। उनकी आंखों में आंसू थे। बेटा अंतरिक्ष में अकेला जो जा रहा था। वहीं, शुभांशु के पिता की आंखें इस ऐतिहासिक उड़ान को देखकर गर्व से भरी दिख रही थी।

## संपादक की कलम से

# समोसे, जलेबी से सावधान



ललित शर्मा
संपादक

हम भारतीय करीब 7 करोड़ समोसे हर रोज खा जाते हैं। अनुमान यह भी है कि हम 2163 करोड़ समोसे सालाना खाते हैं। एक औसत समोसे में 262 कैलोरी होती हैं। यदि समोसे का आकार बड़ा हो, तो कैलोरी 400 से भी अधिक हो सकती हैं। भारत में समोसे का बाजार 25,000 करोड़ रुपए का बताया जाता है। इससे भी बड़ा बाजार मोमोज का है, जो करीब 30,000 करोड़ रुपए का बताया जाता है। यकीन नहीं होता, बल्कि आश्चर्य होता है, लेकिन ये बाजार मौजूद हैं। इतना बड़ा बाजार, लोगों के असीमित खर्च, लेकिन हम एक खामोश मौत की तरफ बढ़ रहे हैं। समोसे, कचौड़ी, पकौड़े जिस तेल में बार–बार तले जाते हैं, वह तेल विषाक्त हो जाता है। मानवीय सेहत के लिए जानलेवा भी साबित होता रहा है। सामान्यत: कचौड़ी में 10 ग्राम, 10 पकौड़ों में 14 ग्राम, एक बर्गर में 31 ग्राम, 4 स्लाइस पिज्जा में 40 ग्राम वसा होती है। हम लगातार यह वसा (फैट) अपने शरीर में जमा करते जा रहे हैं। यदि आप चाहते हैं कि हर रोज 45 मिनट सैर कर लें, तो भी यह वसा एक निश्चित मात्रा में शरीर में रहती है। नतीजतन कैंसर, दिल का दौरा, खराब कोलेस्ट्रॉल, उच्च रक्तचाप, टाइप टू मधुमेह आदि बीमारियां तो सर्वज्ञात हैं। उनके अलावा, अन्य विसंगतियां हमारे भीतर पल रही हैं, उनकी जानकारी तब सामने आती है, जब मौत हो जाती है। हम भारतीय जलेबी, लड्डू, बर्फी या अन्य मिष्ठान्न का खूब उपभोग करते हैं। हमारे समारोह मीठे से ही संपन्न होते हैं, हमारा नाश्ता भी मिठाई ही है, क्योंकि यह स्वाद हमारे संस्कारों में बसा है। औसतन 100 ग्राम जलेबी में 40 कैलोरी होती हैं। गुलाब जामुन में 32 ग्राम, सॉफ्ट ड्रिंक में 32 ग्राम, चॉकलेट में 25 ग्राम चीनी होती है। हमें एक दिन में अधिकतम 25 ग्राम चीनी का सेवन करना चाहिए। यह सीमा तो हर रोज लांघी जा रही है। अब कमोबेश तेल और चीनी के सेवन के मद्देनजर भारत सरकार चिंतित हुई है। कुछ समय पहले प्रधानमंत्री मोदी ने भी बढ़ते मोटापे पर अपनी चिंता और अपना सरोकार जताया था और 10 फीसदी तेल का सेवन कम करने का आह्वान किया था, ताकि देश फिट रह सके। अब इससे भी आगे की चेतावनी देने की प्रक्रिया आरंभ कर दी गई है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने सभी मंत्रालयों, विभागों और स्वायत्त निकायों को कहा है कि वे समोसा, कचौड़ी, फ्रेंच फ्राइज, जलेबी, बर्फी और वड़ा पाव समेत अन्य खाद्य सामग्री में तेल और चीनी की मात्रा का उल्लेख करते हुए बोर्ड अपने दफ्तरों और कैंटीन में लगवाएं। सार्वजनिक स्थानों पर भी ऐसे बोर्ड लगाए जाएं, ताकि स्वस्थ जीवन–शैली को बढ़ावा दिया जा सके और मोटापे तथा गैर–संचारी रोगों से निपटा जा सके। गौरतलब यह है कि सरकार समोसे और जलेबी पर किसी भी तरह की पाबंदी थोपने नहीं जा रही है। यह जागृति का अभियान है, जिसके साथ चेतावनी भी जुड़ी है। यह चेतावनी भी सिगरेट और शराब के साथ जुड़ी चेतावनी जैसी ही होगी। सिगरेट और शराब का कारोबार तथा उपभोग चेतावनी के बावजूद कम नहीं हुए हैं। बल्कि शराब तो सरकार के राजस्व का सबसे पुख्ता जरिया है। समोसे और जलेबी अपेक्षाकृत सस्ते और हर जगह उपलब्ध व्यंजन हैं। सभी पीढियों के लोग बड़े चाव से खाते हैं। चेतावनी के बाद वह वर्ग थोड़ा–सा चिंतित हो सकता है, जो बीमारियों की जकड ? में है, लिहाजा कुछ परहेज सामने आ सकता है। अलबत्ता ये कारोबार 10 फीसदी भी कम हो जाएं, तो सरकार अपने अभियान की पीठ थपथपा सकती है। फिर भी यह प्रयोग स्वागतयोग्य है, क्योंकि लोगों की सेहत का सवाल है। स्वास्थ्य मंत्रालय की एक रपट के मुताबिक, देश के शहरी इलाकों में हर 5वां वयस्क मोटापे से ग्रस्त है। 2025 में लैंसेट जीबीडी स्टडी के मुताबिक, भारत में ज्यादा वजन और मोटापे के शिकार वयस्कों की संख्या 2021 में 18 करोड़ थी, जो 2050 तक 44.9 करोड़ तक पहुंच सकती है। तब भारत दुनिया में दूसरा सबसे ज्यादा मोटापे वाला देश होगा। सिर्फ इसी तथ्य से इस अभियान की गंभीरता और नाजुकता को समझा जा सकता है।

उदय किशोर साह

## झूम के आया सावन का महीना

कविता



झूम के आया सावन का महीना
इन्द्रधनुष लगता नभ का नगीना
बरखा ले आई अपने संग फुहार
दशो दिशा में बिखर गई है बहार

पत्थर के होठ पुरवाई है। चुमे
पवन अमुवा डाली संग है झूमे
फिजां में घुल गई नशा की धार
हरियाली से हरा भरा है संसार

वन उपवन में जब पपीहा बोले
विरहन की विरहा मन डोले
कौन सा देश गया मेरे हमराज
मैं भी उड़ जाता बन परवाज

नील गगन में बदरा का नजारा
बदरा में छुप गये चाँद व तारा
सुन री पुरवाई बैरन बनी सावन
फिर भी लगता है कितना पावन

रे बदरा मत कर तुम मनमानी
तेरी नीयत है जानी पहचानीग
कहीं पे बरसाया पानी ही पानी
कहीं पे पसरा है सूखा की नानी

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक ललित कुमार द्वारा वेलकम इंडिया प्रिन्टर्स, 1/26, साउथ साइड, जी टी रोड़, गाजियाबाद-201001 से मुद्रित कराकर ग्राउन्ड फ्लोर, दुर्गा टॉवर, आर.डी.सी राजनगर, गाजियाबाद 201002 से प्रकाशित किया। संपादक : ललित शर्मा
सम्पर्क सूत्र: 9891116568

किसी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा गाजियाबाद न्यायालय में ही होगा।

## विश्व अंतरराष्ट्रीय न्याय दिवस 17 जुलाई 2025

# न्याय ,जवाबदेही और मानव अधिकारों के प्रति वैश्विक प्रतिबद्धता का प्रतीक ह

वैश्विक स्तरपर एक दो दशक से जिस तरह संगठित अपराधोंकी संख्या में अंतरराष्ट्रीय राष्ट्रीय, राज्य स्तरीय व स्थानीय समूह की गतिविधियों में वृद्धि हुई है इसे गंभीरता से रेखांकित करना समय की मांग है। मैं एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानीं गोंदिया महाराष्ट्र यह मानता हूं कि उनके संगठित अपराधों को अगर हम वर्तमान परिपेक्ष में देखें तो जांचएजेंसियों द्वारा आजकल अपराध की थ्योरी को अन्तर्राष्ट्रीय एंगल से जांच करने की थ्योरी भी अपनाई जाती है जिस तरह से वर्तमान में रूस-यूक्रेन इजराइल हमास युद्ध,व अनेक देशों के स्थानीय लोकल स्तरोंपर मानवीय अधिकार हनन अपराध चर्चा में आ रहा है व विशेष रूप से युद्ध अपराध चर्चा में आया हैं, युद्ध अपराध के लिए विशिष्ट अन्तर्राष्ट्रीय मानक मौजूद हैं, सहित अनेक केसों की तारें विदेशों तक जुड़ी हुई है। एक आपराधिक संगठन को हम गिरोह,माफिया, भीड़, सिंडीकेट, अंडरवर्ल्ड या गैंग्लैंड भी कह सकतें है, जिसमें अनेक अपराध जैसे सफेदपोश अपराध, वित्तीय अपराध, राजनीतिक अपराध, युद्ध के अपराध सहित अनेक परिभाषित अपराधों को शामिल किया जा सकता है जो अंतरराष्ट्रीय कनेक्टेड होते हैं इसीलिए आज हम ऐसे अपराधों और न्याय पर चर्चा करेंगे जो अंतरराष्ट्रीय श्रेणी में आते हैं उनके पीड़ितों को न्याय दिलाने, दुनियाँ भर में हो रहे गंभीर अपराधों पर रोक लगाने विश्व को अंतर्राष्ट्रीय अपराधों से सचेत रहने के प्रति जागरूक करने के संबंध में इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में उपलब्ध जानकारी के आधार पर अंतरराष्ट्रीय न्याय दिवस 17 जुलाई 2025 के उपलक्ष में इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे। साथियों बात अगर हम आज की दुनिया में विश्व अंतर्राष्ट्रीय न्याय दिवस 2025 की प्रासंगिकता की करें तो (1) राजनीतिक संघर्षों, युद्ध अपराधों और असंख्य मानवाधिकार उल्लंघनों के इस युग में, विश्व अंतर्राष्ट्रीय न्याय दिवस की प्रासंगिकता आज भी बनी हुई है। (2)यह विश्वव्यापी स्तर पर एक पर्याप्त रूप से सुदृढ़ अंतर्राष्ट्रीय कानूनी व्यवस्था की आवश्यकता की ओर ध्यानआकर्षित करता है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि नरसंहार, युद्ध अपराधों और मानवता के विरुद्ध अपराधों के लिए ज़िम्मेदार, बिना जवाबदेही के न बच सकें।(3) यूक्रेन, गाजा और अफ्रीका के कुछ हिस्सों में उभर रहे संकटों को देखते हुए, अंतर्राष्ट्रीय न्याय एक महत्वपूर्ण तंत्र है जो आम नागरिकों की रक्षा करता है और आगे होने वाले अत्याचारों को प्रभावी रूप से रोक सकता है।(4) यह अंतर्राष्ट्रीय आपराधिक न्यायालय (आईसीसी) जैसी संस्थाओं और न्याय प्रशासन में राज्यों के बीच सहयोग के महत्व को भी उजागर करता है। (5) ऐसे युग में जहाँ बहुपक्षवाद और कानून के शासन को बढ़ती चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है, यह स्मरणोत्सव शांति, जवाबदेही और पीड़ितों के अधिकारों के प्रति वैश्विक निष्ठा की याद दिलाता है।(6) इसलिए यह एक ऐसी न्यायपूर्ण दुनिया की दिशा में प्रेरणा देता है जहाँ न्याय सीमाओं और राजनीतिक हितों से परे जाकरसख़्ती से लागू हो।



गोंदिया




साथियों बात अगर हम विश्व अंतरराष्ट्रीय न्याय दिवस मनाने के उद्देश्यों की करें तो, (1) विश्व अंतर्राष्ट्रीय न्याय दिवस का उद्देश्य अंतर्राष्ट्रीय आपराधिक न्याय के प्रति जागरूकता बढ़ाना और उसे बढ़ावा देना तथा दुनिया में सबसे गंभीर अपराधों के लिए दंड से मुक्ति के विरुद्ध संघर्ष करना है (2) यह अंतर्राष्ट्रीय आपराधिक न्यायालय (कउउ) जैसे कानूनी तंत्रों के माध्यम से नरसंहार, युद्ध अपराधों और मानवता के विरुद्ध अपराधों के कुख्यात अपराधियों को जवाबदेह बनाने की आवश्यकता पर बल देता है। (3) यह दिवस मानवाधिकारों की सुरक्षा, कानून के शासन को बनाए रखने और पीड़ितों को न्याय सुनिश्चित करने पर भी ध्यान केंद्रित करता है।(4) इसलिए यह अंतर्राष्ट्रीय समुदाय को सहयोग और ठोस अंतर्राष्ट्रीय कानूनी ढाँचों के माध्यम से एक अधिक न्यायपूर्ण और निष्पक्ष विश्व के निर्माण हेतु मिलकर काम करने की याद दिलाता है।

साथियों बात अगर हमअंतर्राष्ट्रीय आपराधिक न्यायालय (आईसीसी) को समझने की करें तो-परिचय (1) यह विश्व का पहला स्थायी, स्वतंत्र और अंतर्राष्ट्रीय न्यायाधिकरण है जो उन व्यक्तियों पर मुकदमा चलाता है जिन्होंने अत्यंत गंभीर अपराध किए हों। (2) इसमें चार प्रमुख अंतर्राष्ट्रीय अपराधों को सम्मिलित किया गया है-नरसंहार युद्ध संबंधी अपराध, मानवता के विरुद्ध अपराध तथाआक्रामकता से संबंधित अपराध। (3) इस न्यायालय का मुख्यालय हेग, नीदरलैंड्स में स्थित है और यह जुलाई 2002 से कार्य कर रहा है। (4) भारत ने अभी तक रोम संविधि पर हस्ताक्षर नहीं किए हैं, अतः वह आईसीसी का सदस्य नहीं है। (5) भारत का मानना है कि आईसीसी की कुछ धाराएं उसकी राष्ट्रीय संप्रभुता, सैन्य कार्रवाई और आंतरिक सुरक्षा नीतियों के लिए बाधक हो सकती हैं। (6) भारत यह भी आशंका जताता हैकि आईसीसी पर संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) के वीटोयुक्त देशों का अत्यधिक प्रभाव है, जिससे निष्पक्षता प्रभावित हो सकती है।

साथियों बात अगर हम अंतरराष्ट्रीय न्यायालय के ढांचे की करें तो,संयुक्त राष्ट्र सेसंबंधित अंतर्राष्ट्रीय न्यायालय का मुख्यालय द हेग में है। इस न्यायालय में 6 भाषाओं (अंग्रेजी, फ्रेंच, रसियन, स्पेनिश, अरेबिक, चाइनीज) में सुनवाई होती है, लेकिन काम अंग्रेजी और फ्रेंच में ही होता है। इसके सदस्य देशों की संख्या 123 है। 17 जुलाई 1998 को इसकी स्थापना हुई थी, इसने 1 जुलाई 2002 से कार्य करना प्रारंभ कर दिया। साथियों बात अगर हम न्यायालय की जरूरत की करें तो अपराध की दुनिया पर लगाम लगाने के लिए न्यायालय की जरूरत पड़ती है। इसी को ध्यान में रखते हुए विश्व में न्याय दिलाने के लिए अंतर्राष्ट्रीय न्यायालय की स्थापना हुई थी।प्रतिवर्ष आज ही के दिन 17 जुलाई को अंतर्राष्ट्रीय न्याय दिवस मनाया जाता है। इसे आमतौर पर अंतर्राष्ट्रीय अपराध न्याय दिवस भी कहा जाता है। इसी दिन अंतर्राष्ट्रीय अपराध न्यायालय की स्थापना हुई थी। इसे मनाने का मुख्य उद्देश्य विश्व को अंतर्राष्ट्रीय अपराधों के प्रति जागरूक करना है। साथियों बात अगर हम अंतरराष्ट्रीय अपराध न्यायालय के क्रियाकल्प की करें तो, अंतरराष्ट्रीय अपराध न्यायालय एक स्थाई और स्वतंत्र अंतर्राष्ट्रीय न्यायिक ऑगेनाईजेशन है, जो अंतरराष्ट्रीय मानवीय और मानव अधिकारों के सबसे गंभीर उल्लंघन के आरोपियों को दंडित करने में सक्षम है। जिसमें नरसंहार का अपराध, अपराधों का युद्ध और मानवता के खिलाफ अपराध शामिल है। अंतरराष्ट्रीय अपराधिक न्यायालय स्थापना तब हुई जब, राज्यों ने रोम में एक कानून को अपनाया इस की प्रतिमा को अंतरराष्ट्रीय अपराधिक न्यायालय के संविधि के रूप में जाना जाता है। आईसीसी राष्ट्रीय अदालतों की जगह नहीं लेता है। लेकिन यह तब उपलब्ध होता है जब कोई देश जांच करने में सक्षम नहीं होता और अपराधियों पर यह मुकदमा चला सकता है।

साथियों बात अगर हम अंतरराष्ट्रीय न्यायालय को अंतिम उपाय मानने की करें तो, अंतिम उपाय की अदालत के रूप में सेवा करने के इरादे से, आईसीसी मौजूदा राष्ट्रीय न्यायिकप्रणालियों का पूरक है और अपने अधिकार क्षेत्र का प्रयोग तभी कर सकता है जब राष्ट्रीय अदालतें अनिच्छुक हों या अपराधियों पर मुकदमा चलाने में असमर्थ हों। इसमें सार्वभौमिक क्षेत्रीय अधिकार क्षेत्र का अभाव है और यह केवल सदस्य राज्यों के भीतर किए गए अपराधों, सदस्य राज्यों के नागरिकों द्वारा किए गएअपराधों, या संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद द्वारा न्यायालय को संदर्भित स्थितियों में अपराधों की जांच और मुकदमा चला सकता है।

अतः अगर हम उपरोक्त विवरण का अध्ययन कर उसका विश्लेषण करें तो हम पाएंगे कि विश्व अंतरराष्ट्रीय न्याय दिवस 17 जुलाई 2025:- न्याय जवाबदेही और मानव अधिकारों के प्रति वैश्विक प्रतिबद्धता का प्रतीक हैदुनियाँ की सरकारें प्रण करें:- अन्याय के नए रूपों को विफल करेंगे, न्यायिक संस्थाओं को मजबूत करेंगे वपीड़ितों को सशक्त बनाएंगे।अंतर्राष्ट्रीय न्यायालय को अपराधियों के प्रत्यर्पण, आतंकवाद पनाहगार देशों का संज्ञान, अंतर्राष्ट्रीय संदिग्ध अपराधियों को गिरफ्तार करने की शक्तियां देना समय की मांग हैं।

# स्वास्थ्य बनाम स्वाद: समोसा और जलेबी से सावधान!



ललित गर्ग

भारत जैसे विविधताओं वाले देश में जहां हर नुक्कड़ पर समोसे की महक और जलेबी की मिठास लोगों को आकर्षित करती है, वहीं यह स्वादिष्ट व्यंजन अब स्वास्थ्य के लिए खतरे की घंटी बनते जा रहे हैं। हमारी परंपराओं और खानपान में गहराई से जुड़े समोसा, कचोरी और जलेबी जैसे तली-भुनी और अत्यधिक मीठी चीजें अब मोटापा, मधुमेह, हृदय रोग और उच्च रक्तचाप जैसी बीमारियों का प्रमुख कारण बन गई हैं। इन्हीं कारणों से देशभर में एक जागरूकता अभियान शुरू करने की आवश्यकता को महसूस करते हुए जनजागृति अभियान शुरू हुआ है। तले हुए व्यंजनों के उपभोग को कम करने की दिशा में किया जा रहा यह प्रयास सराहनीय एवं बढ़ती स्वास्थ्य चिन्ताओं को देखते हुए क्रांति का शंखनाद है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने फिट इंडिया अभियान के तहत तेल और चीनी का उपभोग कम करने का आह्वान किया था। केन्द्र सरकार की सक्रियता से जैसे सिगरेट के पैकेट पर स्वास्थ्य चेतावनी होती है, ठीक वैसी ही चेतावनी इन तैलीय और मीठे खाद्य पदार्थों के बारे में जारी होगी। बड़े पैमाने पर इस बात का प्रचार रेडियो एवं अन्य टीवी चैनलों के माध्यमों से किया जा रहा है कि तैलीय या जरूरत से ज्यादा मीठे खाद्य पदार्थों के उपभोग से दूर रहा जाए। मोटापे एवं अन्य असाध्य बीमारियों की गंभीर स्थिति से जुड़े चौंकाने वाले तथ्य चिन्ताजनक है। स्वास्थ्य विशेषज्ञ चीनी और ट्रांस वसा को मोटापा, मधुमेह, उच्च रक्तचाप और हृदय रोग के मुख्य कारणों में गिनते हैं। भारत में हर 5 में से 1 व्यक्ति मोटापे का शिकार है, और इसके पीछे मुख्य कारण अत्यधिक तला-भुना भोजन है। दुनिया में मोटापे के मामले में भारत दूसरे नम्बर पर है। डब्लूएचओ के अनुसार, भारत में डायबिटीज के मरीजों की संख्या 2045 तक 13.4 करोड़ तक पहुंच सकती है, जो दुनिया में सबसे अधिक होगी। बच्चों में बढ़ती मोटापे की दर का एक बड़ा कारण स्कूलों के आसपास मिलने वाले समोसा, कचोरी, बर्गर जैसी चीजें हैं। समोसा और कचोरी जैसी चीजों को बार-बार एक ही तेल में तला जाता है, जिससे उसमें ट्रांस फैट और कैंसरकारी तत्व (ऐक्रिलामाइड) पनपने लगते हैं। ये हृदय की धमनियों को सख्त कर देते हैं और कोलेस्ट्रॉल बढ़ाते हैं। जलेबी को चीनी के गाढ़े सिरप-चासनी में डुबोया जाता है, जिससे शरीर में तुरंत ग्लूकोज की मात्रा बढ़ती है। यह स्थिति इंसुलिन रेजिस्टेंस, टाइप-2 डायबिटीज और फैटी लिवर जैसी बीमारियों को न्योता देती है। समोसा और कचोरी में मैदा का अत्यधिक उपयोग होता है, जो पाचन को धीमा करता है। इससे गैस, कब्ज, अम्लपित्त और मोटापा जैसे विकार उत्पन्न होते हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने समय-समय पर देशवासियों को न केवल सामाजिक और आर्थिक विकास के लिए प्रेरित किया है, बल्कि स्वस्थ जीवनशैली को अपनाने का भी आह्वान किया है। हाल ही में उन्होंने एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए देशवासियों से



खाद्य पदार्थों में तेल की मात्रा कम करने और मोटापे जैसी गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं से बचने की अपील की है। मोदी ने इस बढ़ती स्वास्थ्य समस्या पर चिंतन करते हुए कहा हमें अपने खान-पान में बदलाव करना होगा। कम तेल, कम नमक और कम चीनी-यही स्वास्थ्य की कुंजी है। मोदी का आह्वान -तेल कम करें, जीवन स्वस्थ बनाएं है। क्योंकि अति तेल में तंदुरुस्ती नहीं, बीमारी का प्रवेश द्वार है। ध्यान रहे, देश में मोटापा बढ़ रहा है और इसके खिलाफ जागरूकता भी बढ़ रही है। यह भी कहा गया है कि लोग अपने भोजन में तेल को कम करके विकसित भारत बनाने में सहायक हो सकते हैं। इसी कड़ी में समोसे, जलेबी और स्वास्थ्य के लिए घातक व्यंजनों को अगर आधिकारिक रूप से निशाने पर लिया गया है, तो अचरज की बात नहीं, बल्कि वक्त की बड़ी जरूरत है। भारत में रसोई का अभिन्न हिस्सा है तेल। परंतु आज जिस प्रकार से हर व्यंजन में अत्यधिक तेल का प्रयोग बढ़ता जा रहा है, इससे मोटापा भारत की बड़ी स्वास्थ्य समस्या बन गयी है, उसने अन्य अनेक बीमारियों को प्रोत्साहन देते हुए स्वास्थ्य संकट को जन्म दे दिया है। तले-भुने खाद्य पदार्थ जैसे समोसा, कचोरी, पकौड़ी, पूड़ी, जलेबी, फास्ट फूड, आदि मोटापा, हृदय रोग, उच्च रक्तचाप, मधुमेह जैसी बीमारियों का कारण बनते जा रहे हैं। केंद्रीय स्वास्थ्य संस्थानों को कैफेटेरिया और सार्वजनिक स्थानों पर साफ तौर पर तेल और चीनी के चेतावनी बोर्ड लगाने का निर्देश दिया गया है। ये सूचनात्मक पोस्टर खासे लोकप्रिय खाद्य पदार्थों में वसा और चीनी की मात्रा को उजागर करेंगे। तले हुए और चीनी से भरपूर खाद्य पदार्थों को हतोत्साहित करने का समय आ गया है। इसकी शुरूआत अस्पतालों में चल रहे लापरवाह रेस्तरां से होनी चाहिए। तमाम रेस्तरां और मिष्ठान भंडारों पर इस चेतावनी को लटकाना आवश्यक है। ऐसा नहीं है कि लोग समोसा या जलेबी खाना छोड़ देंगे, पर उनमें सजगता आएगी। हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. बिमल छाजेड़ पिछले तीन दशकों से जीरो ऑयल की खानपान पद्धति के माध्यम से हृदय रोगियों का प्रभावी इलाज कर उल्लेखनीय सफलता हासिल की है। प्रधानमंत्री ने स्वस्थ जीवनशैली के सूत्र प्रस्तुत करते हुए जनता से आह्वान किया है कि तेल का सीमित उपयोग करते हुए पकवानों को तलने के बजाय भूनें, उबालें या भाप में पकाएं। शारीरिक गतिविधि बढ़ाने के लिये रोजाना योग, प्राणायाम, टहलना या व्यायाम करें। घर में जंक फूड बंद करें, बच्चों को ताजे फल, सूखे मेवे, अंकुरित अनाज दें। रोगों से नहीं, आदतों से लड़ें। खानपान में नियंत्रण सबसे बड़ा उपचार है। अतः बचाव के उपाय जरूरी हैं। पिछले दिनों, हर व्यक्ति से अपने भोजन में तेल की खपत को दस प्रतिशत तक कम करने की अपील की गई है। कुछ लोग अवश्य सुधार की ओर बढ़े होंगे और अब जब समोसे, जलेबी जैसे खाद्य पदार्थों पर चेतावनी रहेगी, तो खानपान में सुधार की गति को और बल मिलेगा। मोदीजी के नेतृत्व में शुरू हुआ फिट इंडिया मूवमेंट सिर्फ एक अभियान नहीं, बल्कि जीवनशैली का संदेश है। यह देश को बीमारियों के बोझ से मुक्त करने की दिशा में उठाया गया क्रांतिकारी कदम है। इस आंदोलन में लोगों को जागरूक किया जा रहा है कि स्वस्थ व्यक्ति ही समृद्ध राष्ट्र का निर्माण करता है। फिट इंडिया अभियान में ज्यादा ईमानदारी की जरूरत है और साथ ही, शुद्ध भोजन के लिए जिम्मेदार सरकारी महकमों को ईमानदारी से ज्यादा सचेत एवं सावधान होना पड़ेगा। आज अनेक प्रकार के विदेशी व्यंजन भी बाजारों में उपलब्ध हैं, इनमें से ज्यादातर व्यंजनों में मैदा, तेल, कृत्रिम रंग और रसायन का खतरनाक उपयोग हो रहा है। ऐसा कतई नहीं लगना चाहिए कि केवल भारतीय व्यंजनों को निशाना बनाया जा रहा है। दूसरी अहम बात, खाने और बनाने वालों, दोनों को जागना होगा। अनेक हलवाइयों की दुकानों पर एक ही तेल का बार-बार प्रयोग, खराब या गलत सामग्रियों का इस्तेमाल तत्काल रुकना चाहिए। आज जरूरत है कि हम सिर्फ स्वाद के गुलाम न बनें, बल्कि अपने शरीर की सुनें। एक जिम्मेदार समाज वही है जो अगली पीढ़ी को स्वाद के नाम पर बीमारियां नहीं, स्वस्थ आदतें सौंपे। एक ऐसी पीढ़ी तैयार हो रही है, जो स्वाद के पीछे स्वास्थ्य को त्याग रही है। यह चेतावनी नहीं, चेतना का संदेश है कि यदि अब भी नहीं सुधरे, तो आने वाली पीढ़ियाँ बीमारियों से जूझती रहेंगी। तो आइए, हम सब मिलकर संकल्प लें कि तेल कम करेंगे, चलना बढ़ाएंगे, जीवन को लंबा और स्वस्थ बनाएंगे! विशेषतः व्यापारियों, रेस्टोरेंट मालिकों एवं हलवाइयों के लिये सरकार को कड़े प्रावधान बनाने होंगे। पैसा कमाने के चक्कर में देश के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ करने वालों को खुला नहीं छोड़ना चाहिए।

# भगतपुर टाण्डा में शिक्षक संकुल की मासिक बैठकों का हुआ आयोजन

वेलकम इंडिया




**टाण्डा।** मंगलवार को ब्लॉक भगतपुर टाण्डा की सभी न्यायपंचायतों में विभागीय एजेंडे के तहत मासिक शिक्षक संकुल बैठकों का आयोजन किया गया। न्यायपंचायत रानीनांगल की संकुल बैठक कम्पोजिट विद्यालय मानपुर में तो न्यायपंचायत भवानीपुर की बैठक उच्च प्राथमिक विद्यालय पदिया नगला में सम्पन्न हुई।

बैठक में शिक्षकों को हैंडआउट्स, प्रिंट रिच सामग्री, किट्स, तालिका, दीक्षा ऐप, पीएम ई-विद्या चैनल और यूट्यूब के माध्यम से कक्षा शिक्षण को प्रभावी बनाने के लिए प्रेरित किया गया। इसके साथ ही, विभागीय निर्देशों के अनुसार शिक्षण कार्य, डीबीटी, यू-डायस संबंधी कार्य पूर्ण करने और कर्मयोगी ऐप व निपुण लक्ष्य ऐप डाउनलोड करने पर भी जोर दिया गया। कम्पोजिट विद्यालय मानपुर में आयोजित बैठक में शिक्षक संकुल मोहम्मद आकिल, मोहसिन अख्तर, सुभाष सागर, राजेंद्र सिंह, सहित शिक्षा मित्र संघ के ब्लॉक अध्यक्ष अशरफ अली पाशा, राजकुमार सिंह, लईक सैफी, योगेंद्रपाल सिंह, फहीम अहमद, आकाशवीर सिंह, अरविंद कुमार, मामचंद सिंह, सुम्बुल इस्लाम, अर्चना भटनागर, विजयलक्ष्मी, शालिनी रस्तोगी, शबनम मेराज, सुमनलता, मनीषा, अनमता खान आदि उपस्थित रहे।

# अमेरिका के बर्मिंघन, अलबामा में आयोजित वर्ल्ड पुलिस एंड फायर गेम्स में आठ सौ मीटर दौड़ में स्वर्ण पदक जीतकर देश का मान बढ़ाया हैं



वेलकम इंडिया गुलजार आलम

**रामपुर।** उप्र के भदोही जिले के रहने वाले मौ. इरफान ने अमेरिका के बर्मिघन, अलबामा में आयोजित वर्ल्ड पुलिस एंड फायर गेम्स में आठ सौ मीटर दौड़ में स्वर्ण पदक जीतकर देश का मान बढ़ाया हैं। उनकी इस गौरवपूर्ण उपलब्धि पर उन्हे राष्ट्रीय मानवाधिकार एंड एंटी करप्शन मिशन की ओर से प्रंशसा पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया हैं। इस मौके पर संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष डा. वसीम रजा ने मौहम्मद इरफान की प्रशंसा करते हुए कहा कि इरफान का यह योगदान न सिर्फ खेल जगत के लिए महत्वपूर्ण हैं बल्कि यह सामाजिक स्तर पर भी युवाओं को सकारात्मक दिशा देने वाला हैं। उन्होने कहा कि इरफान ने पूरे समर्पण और ईमानदारी के साथ अपने देश के लिए स्वर्ण पदक हासिल किया हैं जो आने वाली पीढ़ियों को भी प्रेरित करेगा। उन्होने कहा कि राष्ट्रीय मानवाधिकार एंड एंटी करप्शन मिशन ऐसे युवाओं को सम्मानित कर उनका मनोबल बढ़ाता रहेगा। इस मौके पर अहसान अहमद, मुश्ताक अहमद, तोहीद अंसारी, अमजद अंसारी, इस्लाम राईनी, शिवा सिंह, मौ. चांद बाबू, इमरान, मो. दानिश, घनश्याम पासी, हसन राईनी आदि मौजूद थे।

# नगर पालिका अध्यक्ष सना मामून ने गरीबो लोगो के राशन कार्ड बनवा कर दिए



वेलकम इंडिया गुलजार आलम

**रामपुर।** नगर पालिका अध्यक्ष सना मामून ने गरीबो के जिला पूर्ति कार्यालय से राशन कार्ड बनवाकर दिये नगर पालिका अध्यक्ष सना मामून ने कैंप लगाकर गरीबो के राशन कार्ड बनवाये राशन कार्ड को लेकर गरीब लोगो के चेहरे खिले नगर पालिका अध्यक्ष सना मामून ने कैंप लगाकर स्थानीय लोगों के राशन कार्ड बनवाये,

उन्होंने कहा कि गरीब जनता को पूर्ति कार्यालय के चक्कर लगाने पड़ते है उनका काम आसानी से नहीं हो पाता है ऑनलाइन कराने मे परेशानी आती है इसको लेकर नगर पालिका अध्यक्ष सना मामून द्वारा कैंप लगाकर गरीबो के राशन कार्ड के आवेदन माँगा जाता ऑनलाइन कराया जाता है और पात्र गरीब लोगो को राशन कार्ड बनवाये जाते है और ई-केवाईसी कराने मे भी गरीब राशन कार्ड धारको की मदद की जाती है, कुछ विकलांग कार्ड धारक ऐसे भी हैं, जो पूर्ति कार्यालय तक जाने को मजबूर है उनके भी राशन कार्ड बनवाये जा रहे है।इस मौके पर, समाज सेवी मामून शाह खान, रहमान अली अंसारी, शेजी सैफी, शाहरोज मंसूरी, फूल खान, इमरोज आदि मौजूद रहे।

# नगर पालिका स्योहारा में मचा घमासान

वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा



**बिजनौर :** जनपद बिजनौर के स्योहारा नगर पालिका परिषद में बीते दिनों भारतीय जनता पार्टी द्वारा नगर पालिका प्रशासन के विरुद्ध गृह कर (हाउस टैक्स) एवं जलकर में भारी वृद्धि के विरोध में एक सांकेतिक धरना प्रदर्शन किया गया। भाजपा नेताओं का कहना है कि वे शांतिपूर्ण ढंग से केवल नगर पालिका ईओ को ज्ञापन सौंपने पहुंचे थे। लेकिन उसी दौरान नगर पालिका चेयरमैन फैसल वारसी मौके पर पहुंचे और माइक लेकर वक्तव्य देने लगे। भाजपा नेताओं का आरोप है कि फैसल वारसी ने इस दौरान देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं गृहमंत्री अमित शाह पर आपत्तिजनक एवं अभद्र टिप्पणियाँ कीं। इस घटना से नाराज भाजपा कार्यकताओं व नेताओं ने इसका विरोध किया, जिससे मौके पर हल्का विवाद हुआ। प्रशासन ने मामले की गंभीरता को देखते हुए चेयरमैन फैसल वारसी को लेकर शांति व्यवस्था कायम रखने के लिए कार्रवाई की गई। वहीं दूसरी ओर फैसल वारसी ने इस कार्रवाई को लोकतंत्र की हत्या बताते हुए राजनीतिक द्वेष की भावना से की गई कार्रवाई करार दिया है। उन्होंने इसे अलोकतांत्रिक कदम बताते हुए अपनी सफाई दी और आरोप लगाया कि उन्हें जबरन शांत करवाया गया। नेताओं ने बताया कि फैसल वारसी ने चुनाव के समय नगरवासियों से कर माफी का वादा किया था। किंतु अब लोगों पर कई गुना टैक्स थोप दिया गया है। व्यापारियों पर अनैतिक रूप से जलकर लगाया जा रहा है। नगर पालिका की किराए की दुकानों पर अवैध कब्जा बताकर असली किराएदारों का उत्पीड़न किया जा रहा है। और दुकानों के नवीनीकरण को योजनाबद्ध तरीके से रोका जा रहा है। नेताओं ने प्रशासन से मांग की है कि नगरवासियों पर लगाए गए टैक्स की पुनः समीक्षा की जाए और चेयरमैन द्वारा की गई अभद्र टिप्पणियों पर कानूनी कार्यवाही सुनिश्चित हो।

और यदि अध्यक्ष फैसल वारसी अपने अभद्र टिप्पणी को लेकर पश्चाताप करें तो भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता उनकी प्रशंसा करेंगे लेकिन उनको अपने किए हुए वादों से मुकरने नहीं देंगे जनता समझदार है स्यौहारा की जनता का हम उत्पीड़न नहीं होने देंगे भारतीय जनता पार्टी के नेताओं ने कहा कि अगर फैसल वारसी के द्वारा अनर्गल बयान बाजी जारी रही और वह भारतीय जनता पार्टी को बदनाम करने के मंशा रखते हैं तो वह भी बड़ा कदम उठाने के लिए मजबूर होंगे। इस मौके भाजपा विधानसभा संयोजक एवं पूर्व प्रत्याशी डॉ. विनीत देवरा निवर्तमान मंडल अध्यक्ष मनोज भटनागर, पूर्व मंडल अध्यक्ष शशांक, भाजपा नेता आलोक अग्रवाल,एवं पूर्व मंडल महामंत्री अमित शर्मा, मंडल महामंत्री सुरेश तोमर, पूर्व मंडल उपाध्यक्ष शैलेंद्र सिंह, पूर्व आईटी सेल प्रभारी प्रमोद, पूर्व नगर मंत्री नीटू जोशी, पूर्व नगर उपाध्यक्ष सुरेन्द्र जोशी, पिछड़ा मोर्चा भाजपा के अध्यक्ष सतीश प्रजापति, अरविंद वाल्मीकि आदि उपस्थित रहे।

# इंजी० कवीश राणा मुरादाबाद आइकन अवार्ड 2025 से सम्मानित



वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा

**बिजनौर।** नगर एवं आसपास के क्षेत्र के लिए गौरव का क्षण रहा जब स्थानीय समाजसेवा एवं जनहित कार्यों में सक्रिय एक प्रतिष्ठित व्यक्तित्व उना आर्किटेक्ट के डायरेक्टर इंजीनियर कविश राणा को मुरादाबाद आइकन अवार्ड 2025 से सम्मानित किया गया। यह सम्मान मुरादाबाद के होटल हॉलीडे रीजेंसी में आयोजित एक भव्य समारोह में केंद्रीय राज्य मंत्री (उपभोक्ता मामले, खाद्य, सार्वजनिक वितरण एवं सांस्कृतिक मंत्रालय) बी.एल. वर्मा द्वारा प्रदान किया गया। सम्मान प्राप्तकर्ता कवीश राणा ने इस अवसर पर क्षेत्रवासियों, बुजुर्गों, और मार्गदर्शकों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ञ्यह सम्मान केवल मेरा नहीं, बल्कि पूरे क्षेत्र की तपस्या और प्रेरणा का फल है। मैं ईश्वर से प्रार्थना करता हूं कि मुझे सदा सत्य पथ पर चलने की प्रेरणा और शक्ति मिलती रहे। कार्यक्रम में शहर के अनेक गणमान्य नागरिक, प्रशासनिक अधिकारी, सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि एवं मीडियाकर्मी उपस्थित रहे। सम्मान मिलने के बाद क्षेत्रवासियों ने हर्ष व्यक्त किया और इसे समाज के लिए एक सकारात्मक प्रेरणा बताया।

# सरकारी अस्पताल में गर्भवती महिला को दी एक्सपायरी डेट की दवाई

वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा





**नूरपुर :** सदस्य राज्य महिला आयोग अवनी सिंह ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नूरपुर द्वारा गर्भवती महिला को एक्सपायरी डेट की दवाई देने की शिकायत पर नाराजगी व्यक्त की है। और संबंधित अधिकारियों को लापरवाही बरतने वाले कर्मचारियों के खिलाफ उचित कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। ग्राम सदपुरी निवासी हरिओम ने महिला आयोग सदस्य अवनी सिंह से फोन द्वारा शिकायत रखी कि सीएचसी नूरपुर से अपनी गर्भवती पत्नी की दवाई लेने गया था। वहा से दवाई लेकर घर पहुंचने पर उसे पता चला की सरकारी अस्पताल से एक्सपायरी डेट की दवाई दे दी गई है। अवनी सिंह ने नूरपुर में उपस्थित न होने के कारण अपने निजी सचिव विकास शर्मा को मोके पर भेजा। विकास शर्मा ने मोके पर जाकर सम्बन्धित अधिकारियों से बात करके ऐसे लापरवाही बरतने वाले कर्मचारियो के खिलाफ उचित कार्रवाई करने को निर्देशित किया। और कहां कि ऐसी लापरवाही बर्दास्त नही की जाएगी।

# मयंक कुमार व यति त्यागी बने स्कूल कैप्टन




नितिन शर्मा : वेलकम इंडिया

**नूरपुर :** आर आर पब्लिक स्कूल में आयोजित कार्यक्रम के अंतर्गत स्कूल कैप्टन तथा हाउस कैप्टन का चयन किया गया। जिसमें छात्र एवं छात्रा वर्ग में अलग-अलग हाउस के लिए दायित्व सौंपे गए तथा कर्तव्यशील व निष्ठावान होने के लिए सभी निर्वाचित पदाधिकारियों को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई गई। स्योहारा रोड स्थित आर आर पब्लिक स्कूल के परिसर में आयोजित कार्यक्रम में छात्र वर्ग से मयंक कुमार एवं छात्रा वर्ग से यति त्यागी को स्कूल कैप्टन चुना गया। बालिका वर्ग में वाइस कैप्टन के रूप में चारवी चौहान, स्पोर्ट्स कैप्टन में आकृति यादव और बालक वर्ग में वाइस कैप्टन के रूप में प्रिंस कुमार तथा स्पोर्ट्स कैप्टन के रूप में वासु सैनी का चयन किया गया। हाउस कैप्टन के लिए बालक वर्ग से टेरेसा हाउस से हिमांक चौहान, नानक हाउस से विशु चौधरी, कलाम हाउस से पारंगत सिंह, टैगोर हाउस से पर्व प्रताप को कैप्टन चुना गया। बालिका वर्ग में टेरेसा हाउस से किंजल चौहान, नानक हाउस से ताप्सी, कलाम हाउस से विधि भारद्वाज, टैगोर हाउस से स्वेता सिंह को कैप्टन चुना गया। विद्यालय के प्रधानाचार्य प्रणय मनु गुप्ता ने चयनित पदाधिकारियों को बैच लगाकर पद व गोपनीयता की शपथ दिलाई। निवर्तमान पदाधिकारियों को ध्वज प्रदान कर कार्यभार सौंपा गया। कार्यक्रम में स्कूल के उप प्रधानाचार्य टीकम सिंह, चंचल कटारिया, संजीव डबास, स्वाति यादव , विरेन्द्र चौहान, शैलेंद्र कौर, आदि उपस्थित रहे।

# गुलदार का फिर अटैक गुलदार के हमलें से ग्रामीणों में दहशत

वेलकम इंडिया महमूद रजा



**जनपद बिजनौर।** चांदपुर तहसील के गांव पिलाना में गुलदार ने एक महिला पर हमला कर दिया। किश्वरी नाम की महिला अपने पति शाहिद के साथ जंगल में पशुओं के लिए चारा लेने गई थी। चारा काटते समय गुलदार ने अचानक हमला कर दिया हमले की आवाज सुनकर आसपास के किसान मौके पर पहुंच गए। घायल किश्वरी को पहले हलदौर सीएचसी में भर्ती कराया गया। उसकी स्थिति को देखते हुए जिला मेडिकल अस्पताल रेफर कर दिया गया। चांदपुर रेंजर दुष्यंत सिंह ने घटना की पुष्टि की है। वन विभाग की टीम मौके पर पहुंच गई है। पिछले एक साल में इसी गांव में दो लोगों को गुलदार मौत की नींद सुला चुका है और कई लोगों को घायल घर चुका है। इससे पहले इसी गांव में गुलदार ने दो महिलाओं पर हमला किया था। पहली घटना में एक युवती जंगल में चारा लेने गई थी। दूसरी घटना में एक महिला अपने दो बेटों के साथ जंगल गई थी। दोनों महिलाओं की मौत हो गई थी। गुलदार के लगातार हमलों से ग्रामीणों में दहशत का माहौल बना हुआ है ।

# हम एकता मंच की मासिक बैठक का आयोजन किया

वेलकम इंडिया गुलजार आलम




**रामपुर।** हम एकता मंच की मासिक बैठक का आयोजन बिलासपुर गेट स्थित कार्यालय पर किया गया। इस मौके पर प्रसिद्ध समाजसेवी मास्टर फिरोज खान ने अपने तमाम साथियों के साथ हम एकता मंच की सदस्यता ग्रहण की। संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष शादाब शफीक खां की संस्तुति पर उन्हें संगठन के राष्ट्रीय महासचिव पद की जिम्मेदारी सौंपी गई।

बैठक में शिक्षा के प्रचार-प्रसार और नगर पालिका द्वारा टैक्सों में की गई भारी वृद्धि को लेकर गहन विचार-विमर्श हुआ। वक्ताओं ने कहा कि शिक्षा एक मजबूत समाज की नींव है और इसे हर घर तक पहुंचाना संगठन की प्राथमिकता है। बैठक में निर्णय लिया गया की समाज के गरीब व मध्यमवर्गीय तबके को तालीम से जोड़ने के लिए विशेष अभियान चलाया जाएगा। नगर पालिका द्वारा हाउस टैक्स और वॉटर टैक्स में 100 गुना तक की वृद्धि को जनविरोधी और अव्यावहारिक बताया गया। संगठन ने इसे गरीब विरोधी नीति करार देते हुए इसका विरोध करने का ऐलान किया। तय किया गया कि जल्द ही एक प्रतिनिधिमंडल जिलाधिकारी से भेंट कर इस वृद्धि को तत्काल वापस लेने की मांग करेगा।

# उर्वरकों की आकस्मिक छापेमारी अभियान में एक प्रतिष्ठान को जारी किया कारण बताओ नोटिस

वेलकम इंडिया महमूद रजा



**बिजनौर।** जिलाधिकारी के निदेशों के क्रम मे आकस्मिक छापेमारी अभियान मे जसवीर सिंह जिला कृषि अधिकारी बिजनौर एवं राजवीर सिंह, सहायक आयुक्त एवं सहायक निबन्धक सहकारिता, बिजनौर के द्वारा संयुक्त रूप से जनपद मे उपलब्ध उर्वरको का रेण्डम आधार पर कुल 08 निजी/ थोक उर्वरक प्रतिष्ठानो/ सहकारी समितियों/ बफर गोदाम/ विनिमार्ता इकाईयो मै0 बालाजी ट्रैडर्स, मण्डावर, बिजनौर, मै0 न्यू अतुल फटीर्लाईजस, मण्डावर, मै0 विपिन खाद स्टोर, मण्डावर, मै0 भारत ट्रैडर्स, मण्डावर, मै0 बी0-पैक्स, मण्डावर, मै0 हिन्दुस्तान एग्रो, मण्डावर, मै0 कृषि केन्द्र (एग्रीजक्शन) वन स्टाप शाप, मण्डावली सैदू, मै0 पी0सी0एफ0 बफर गोदाम, बिजनौर निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के समय मै0 बालाजी टैडर्स, मण्डावर बन्द कर चले जाने पर उक्त के सम्बन्ध में कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। निरीक्षण के दौरान उलब्धत स्टाक से उर्वरक का 01 नमूना ग्रहित किया गया। साथ ही निरीक्षित प्रतिष्ठानो एवं इकाईयो को निर्देशित किया गया कि कोई भी दुकानदार बिना बिल/ कैश मैमो के उर्वरको/ बीज/ कीटनाशक की बिक्री न करे। प्रतिष्ठान पर उर्वरको की बिक्री पी0ओ0एस0 मशीन के माध्यम से कृषको को उनकी जोत/ बही एवं उगायी जाने वाली फसलो की संस्तुत मात्रा के अनुसार ही उर्वरको का नियमानुसार वितरण कराया जाय। साथ ही समस्त उर्वरक विक्रेताओ को निर्देशित किया गया कि मुख्य उर्वरको के साथ किसी भी प्रकार के उर्वरको एवं अन्य उत्पाद या कीटनाशक की जबरन टैगिंग न कि जाय।

# गागलहेडी काली नदी पुलिस चौकी पर पुलिस कर्मियों ने अपने हाथों से शिव भक्त कावड़ियों को शिविर लगाकर खाना खिलाया

वेलकम इंडिया, राजीव चौधरी गुर्जर



**सहारनपुर**। भोले के जयकारों से गूंज उठा माहौल, आस्था, ऊर्जा और सेवा का अद्भुत संगम। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की पुलिस शिव भक्त कावड़ियों की कर रही है दिन रात सेवा गागलहेडी काली नदी पुलिस चौकी प्रभारी लोकेश सिंह राणा ने शिव भक्त कावड़ियों को श्रावण मास की पवित्र कांवड़ यात्रा में डूबे शिवभक्तों को हाथ जोड़कर शुभकामनाएं दी ! उत्तर प्रदेश व उत्तराखंड बॉर्डर पर स्थित गागलहेडी काली नदी पुलिस चौकी पर पुलिस कर्मियों ने अपने हाथों से शिव भक्त कावड़ियों को शिविर लगाकर खाना खिलाया गागलहेडी काली नदी पूलिंस चौकी पर हर साल लगता है शिव भक्त कावड़ियों के लिए शिविर पुलिस करती है शिविर लगाकर भोलो की सेवा जल लेकर अपने गंतव्य पर जा रहे भोले के भक्तों ने हरियाणा और चंडीगढ़ व यमुनानगर से आए शिव भक्त कावड़ियों ने भी गागलहेडी पुलिस की प्रशंसा की ड्यूटी के साथ साथ शिव भक्तों की सेवा भी कर रही है गागलहेडी पुलिस जहाँ गागलहेडी पुलिस अपनी ड्यूटी देकर अपना कर्तव्य निभा रही हैं तो वही दूसरी ओर शिव भक्त कावड़ियों की सेवा कर अपना धर्म निभा रही है। कावड़ यात्रा में लाखों शिव भक्त गागलहेडी मार्ग से कावड़ लेकर गुजरते हैं। गागलहेडी थाना प्रभारी विनोद कुमार के कुशल नेतृत्व में गागलहेडी काली नदी पुलिस चौकी प्रभारी लोकेश सिंह राणा व पुलिस स्टाफ ने मिलकर शिव भक्त कावड़ियों के लिए गागलहेडी काली नदी पुलिस चौकी पर शिव भक्त कांवड़ियों के लिए खाने के लिए भंडारे का आयोजन किया गागलहेडी पुलिसकर्मी कांवड़ियों की सेवा में लग कर बम-बम भोले के जयकारो के साथ कावड़ियों को खिला रहे हैं रवाना गागलहेडी काली नदी पुलिस चौकी से निकल कर सहारनपुर की ओर जा रहे हैं। क्षेत्रवासियों ने भी की गागलहेडी पुलिस की करी प्रशंसा। गागलहेडी काली नदी पुलिस चौकी प्रभारी लोकेश सिंह राणा ने कहा आज मुझे शिव भक्त कावड़ियों की सेवा करने का अवसर मिला उन्होंने कहा शिव भक्त कांवड़ियो की सेवा करने से बड़ा कोई पुण्य का काम नहीं है ।इस दौरान गागलहेडी काली नदी पुलिस चौकी प्रभारी लोकेश सिंह राणा हेड कांस्टेबल आशीष तोमर, हेड कांस्टेबल रवि नागर, कांस्टेबल सरल प्रताप सिंह, होमगार्ड सतीश कुमार चौकीदार सुबोध कुमार व ब्रजपाल सिंह आदि मौजूद रहे।

# आईआईएमटी में डी.फार्मा का शत-प्रतिशत परिणाम, छात्रों को किया गया सम्मानित




वेलकम इंडिया, राजीव चौधरी गुर्जर

**सहारनपुर/ नागल**। इंद्रप्रस्थ इंस्टिट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड टेक्नोलॉजी (आईआईएमटी) में डी.फार्मा के छात्रों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए शत-प्रतिशत परिणाम हासिल किया है। डी फार्मा प्रथम वर्ष में प्रथम स्थान सिमरन, द्वितीय स्थान कहकशा तथा तृतीय स्थान सरफराज ने प्राप्त किया। डी.फार्मा द्वितीय वर्ष में प्रथम स्थान प्रितपाल, द्वितीय स्थान अंशुल तथा तृतीय स्थान अश्विनी सिंघल ने प्राप्त किया। संस्थान का यह गौरवपूर्ण उपलब्धि शैक्षणिक गुणवत्ता और समर्पित शिक्षण का परिणाम है।कॉलेज की निदेशक डॉ. अंजू वालिया ने सफल विद्यार्थियों को सम्मानित किया और उनकी मेहनत की सराहना की। साथ ही उन्होंने संकाय सदस्यों की भी प्रशंसा करते हुए कहा कि छात्रों की यह सफलता शिक्षकों के मार्गदर्शन और समर्पण के बिना संभव नहीं थी।उन्होंने ने कहा कि आईआईएमटी का उद्देश्य न केवल अकादमिक उत्कृष्टता है, बल्कि विद्यार्थियों के समग्र विकास पर भी विशेष ध्यान दिया जाता है। उन्होंने छात्रों को उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं।

# जिला कारागार का डीएम एसएसपी ने किया औचक निरीक्षक



वेलकम इंडिया

**बुलंदशहर** मंगलवार को जिलाधिकारी श्रुति एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह द्वारा जिला कारागार का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जिला कारागार मे बंद कैदियों के लिए की गयी व्यवस्था का जायजा लिया गया तथा परिसर को स्वच्छ रखने के सम्बन्ध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये तथा कारागार की सुरक्षा में तैनात पुलिस कर्मियों को अपनी ड्यूटी सतर्कतापूर्वक करने हेतु निर्देशित किया गया हैं।

# हुनर शक्ति फाउंडेशन के आह्वान पर मनाया विश्व युवा कौशल दिवस

वेलकम इंडिया



**धौलपुर राजस्थान (उत्तम दीक्षित)**। विश्व युवा कौशल दिवस हर साल 15 जुलाई को मनाया जाता है यह दिवस युवाओं को कौशल विकास के महत्व के बारे में जागरूक करने के लिए मनाया जाता है यह एक अंतर्राष्ट्रीय दिवस है जो युवाओं को उनके कौशल विकास के लिए प्रोत्साहित करने का काम करता है हुनर शक्ति फाउंडेशन संस्था के उद्देश्यों मे शामिल कौशल विकास मे बच्चियों एवं महिलाओं के लिये सिलाई ब्यूटीसियन प्रशिक्षण मे प्रशिक्षित किया जाता है ताकि आत्मनिर्भर रह कर स्वयं के लिये स्वरोजगार लिया जा सके संस्था के द्वारा अब तक बीस हजार से अधिक बच्चों को प्रशिक्षित किया जा चुका है संस्था के प्रयास अभी भी जारी है संस्था प्रमुख प्रशांत शर्मा ने बताया यह दिन विभिन्न कौशल प्राप्त करने युवाओं को जागरूक करने के लिए आत्मनिर्भर बनाने की प्रेरणा के उद्धेश्य से युवाओं की उपलब्धियों को पहचानने और जश्न मनाने व बेरोजगारी गरीबी और सामाजिक असमानता जैसी वैश्विक चुनौतियों से निपटने में कौशल विकास के महत्व को बढ़ावा देने के अवसर के रूप में काम करता है फाउंडेशन के प्रयासों से राजस्थान के कई जिलों में युवा कौशल दिवस मनाया गया जिसमें की धौलपुर जिले में विद्यालयों में छात्र छात्राओं के बीच सेमिनार प्रतियोगिता आयोजित करवाई गई एवं पोस्टर प्रतियोगिता स्टेशनरी सहित आयोजित करवाई गई जिसमें छात्र-छात्राओं ने बढ़ चढ़कर भाग लिया और इस कौशल से संबंधित पोस्टर बनाकर बहुत अच्छा प्रदर्शन किया सिंघावली विद्यालय में पोस्टर प्रतियोगिता में 100 से अधिक छात्र-छात्राओं ने भाग लिया इस अवसर पर बच्चों को प्रोत्साहित करते हुए नीरज झा ने कहा कि हमारा देश युवाओं की सकारात्मक ऊर्जा और अपार शक्ति से सुसज्जित है एवं राधेश्याम तोमर ने कहा कि हमारी संस्था का मकसद यही है कि हर हाथ कौशल हो और हर हाथ रोजगार इससे अधिक से अधिक विद्यार्थी कौशल होंगे तो बेरोजगारी कम होगी बेरोजगारी आज देश की बहुत बड़ी समस्या है को हमें इसी तरीके से कम करना है इस अवसर पर विद्यालय स्टाफ से देवेन्द्र कुमार एवं संस्था से सत्येंद्र बघेला दिलीप कुमार राधेश्याम तोमर दीपक विनीता आदि लोग उपस्थित रहे।

# बिजली का तार शट डाउन कर ठीक करने के दौरान ग्रामीणों ने किया पथराव कई घायल

वेलकम इंडिया



**बुलंदशहर**। जनपद के सराय छबीला गांव में तार ठीक करने के दौरान गांव की बिजली गुल हो गई। जिससे गुस्साए एक संप्रदाय विशेष के लोगों ने प्रेमपाल और उसके परिजनों से मारपीट कर पथराव कर दिया। हमले में 3 महिलाओं सहित 4-5 लोग घायल हो गए। मौके पर पहुंची पुलिस ने लाठियां फटकारकर हमलावरों को खदेड दिया। पुलिस ने 9 नामजद सहित 15 आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। प्राप्त विवरणनुसार बुलंदशहर कोतवाली देहात क्षेत्र के गांव सराय छबीला में बीती रात प्रेमपाल के घर का तार बाहर लगे खंभे से टच हो गया जिसको ठीक करने के दौरान गांव की बिजली गुल हो गई। आरोप है कि बिजली जाने से नाराज होकर मौके पर पहुंचे एक दर्जन से अधिक ग्रामीणों ने गालियां देकर धमकी दी और पत्थर मारे, परिजन बचाने आए तो हमलावरों ने उन पर भी पथराव कर दिया। मामले की जानकारी पाकर मौके पर पहुंची थाना पुलिस ने लाठियां फटकार कर हमलावरों को खदेड़ दिया। पथराव में शीला देवी, मैनावती, रेखा, इंद्रजीत प्रेमपाल आदि घायल हो गए वहीं पुलिस ने घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया प्रेमपाल पुत्र लाखे सिंह निवासी सराय छबीला ने गांव के ही जीशान, रिजवान पुत्रगण साकिर, फैशल और फैजान पुत्रगण जाकिर, रिजवान पुत्र साकिर, आबिद पुत्र हुसैनी, आबिद पुत्र भूरे खा, शाहनवाज पुत्र आबिद, साजिद पुत्र मोहम्मद उमर, मो०मुबीन पुत्र आरिफ व 5-6 अज्ञात हमलावरों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है।

# संदिग्ध परिस्थितियों में महिला की मौत

**शिकारपुर**। कोतवाली नगर के एक मौहल्ला में 25 वर्षीय महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। कोतवाली पुलिस ने पंचनामा भरते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार मौहल्ला कोटकला निवासी कृष्ण कुमार की पत्नी काजल उम्र करीब 25 वर्ष की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। परिजनों ने बताया कि 5 वर्ष पूर्व काजल की शादी कृष्ण कुमार से हुई थी। कृष्ण कुमार ने बताया कि उसकी पत्नी 12 जुलाई को कमरे में बने टांड से गिरने से चोटिल हो गई थी जिसका उपचार जिला अस्पताल बुलंदशहर में चल रहा था हालत गंभीर होने से जिला अस्पताल से हायर सेंटर रेफर किया गया था जहां रास्ते में सिकंदराबाद बाईपास पर महिला ने दम तोड़ दिया। मृतिका के पड़ोसियों ने बताया कि काजल अपनी 3 वर्ष की बेटी तन्वी से बेहद प्रेम करती थी उसे अपने पास से एक पल के लिए भी नहीं छोड़ती थी लेकिन कुदरत ने पूरा नजारा ही बदल दिया और तन्वी को सदा सदा के लिए छोड़ कर काजल दुनिया से चली गई।

# एसडीआरएफ ने बामनी नदी में बहे 35 वर्षीय व्यक्ति के शव को किया बरामद

वेलकम इंडिया



**धौलपुर राजस्थान**। 14 जुलाई को प्रातः 10:50 बजे पुलिस कन्ट्रोल रूम जिला धौलपुर से पुलिस थाना बाड़ी सदर के अन्तर्गत बामनी नदी में एक व्यक्ति के बहने की सूचना एसडीआरएफ कन्ट्रोल रूम द्वारा कमाण्डेन्ट राजेन्द्र सिंह सिसोदिया के निर्देशानुसार मानसून सत्र 2025 में आपदा राहत एवं बचाव हेतु एसडीआरएफ सी कम्पनी भरतपुर की रिजर्व पुलिस लाईन जिला धौलपुर में तैनात रेस्क्यू टीम सी-04 के प्रभारी ऊदल सिंह को अविलम्ब घटना स्थल के लिए रवाना होने के निर्देश दिए।

रेस्क्यू टीम प्रभारी 9 जवानों की टीम तथा आपदा राहत उपकरणों के साथ दोपहर 12:10 बजे घटना स्थल पहुंचे। टीम कमाण्डर ने स्थिति का जायजा लेते हुए एसडीआरएफ कमाण्डेन्ट को बताया कि क्षेत्र में हो रही अतिवृष्टि के कारण सभी नदी-नाले उफान पर है। 14 जुलाई को प्रातः पुलिस थाना बाडी सदर जिला धौलपुर के अन्तर्गत बामनी नदी पर बनी संत नगर पुलिया से एक व्यक्ति नदी पार करते समय बह गया है। व्यक्ति के शव को बरामद करने के लिए स्थानीय प्रशासन एवं ग्रामीणों द्वारा लगातार प्रयास किये जा रहे है, किन्तु अभी तक सफलता प्राप्त नहीं हुई है। नदी की चौड़ाई 150 मीटर तथा गहराई 20 फीट है, बहाव भी तेज है। टीम कमाण्डर के निर्देश पर रेस्क्यू टीम के जवानों राजवीर सिंह, वेदप्रकाश, मुरारी लाल, संजय सिंह, गीतम सिंह, राजवीर, रविन्द्र सिंह तथा महावीर ने सर्च ऑपरेशन शुरू किया। सबसे पहले रेस्क्यू टीम ने मोटर बोट को तेज गति से चलाकर नदी के पानी को हिलाया। उसके बाद लाईन तथा जिक-जैक सर्च तकनीक से बांस, बिलाई और रेस्क्यू रोप की सहायता से गहन सर्च किया। सायं 7:15 बजे अन्धेरा होने पर स्थानीय प्रशासन के आदेशानुसार सर्च ऑपरेशन सुबह तक स्थगित कर दिया गया। 15 जुलाई को प्रातः 7:30 से सर्च ऑपरेशन पुनः शुरू किया गया। अथक परिश्रम तथा कड़ी मेहनत से टीम को दोपहर 1:30 बजे घटनास्थल से 2 किलोमीटर की दूरी पर शव दिखाई दिया। रेस्क्यू टीम ने बामनी नदी में बहे जाकिर लुहार पुत्र सुकराती लुहार उम्र 35 वर्ष निवासी कसाई पाड़ा कस्बा बाड़ी के शव को बरामद किया।

# हरिद्वार से पवित्र गंगाजल लेकर चल रहे कावडियों की संख्या में दिन प्रतिदिन हो रही बढ़ोतरी

वेलकम इंडिया महमूद रजा



**नगीना**। सावन की शिवरात्रि के अवसर पर देव भूमि हरिद्वार से पवित्र गंगाजल के साथ कांवड़ लाकर अपने गंतव्य स्थान की ओर जाने वाले कावडियों की संख्या में दिन प्रतिदिन बढ़ोतरी होती जा रही है, सैकड़ों की संख्या में कांवडती रोजाना यहां के मुख्य मागों से जय भोले व हर हर महादेव के उदघोष के साथ अपने गंतव्य स्थानों की ओर प्रस्थान करते जा रहे हैं सावन की शिवरात्रि के अवसर पर हरिद्वार से कांवड़ व गंगाजल लेकर अपने गंतव्य स्थानों शाहजहांपुर, पीलीभीत, बरेली, रामनगर, हलद्वानी, मुरादाबाद की ओर जाने वाले कांवडती यहां के रायपुर बढापुर मार्ग से होकर नगर के मुख्य बाजारों व मौहल्ला मौहल्ला विश्नोई सराय से होते हुए धामपुर मार्ग नेशनल हाईवे की ओर सैकडों की संख्या में रोजाना प्रस्थान कर रहे हैं। उधर नगीना के मोहल्ला बिश्नोई सराय निवासी नगर पालिका के सभासद ब्रजमोहन बिश्नोई उर्फ बल्ली के पुत्र लवी विश्नोई ने 81 किलो गंगाजल के साथ कांवड लाकर शिवभक्ती और साहस का अदभुत परिचय दिया, नगीना पहुंचने पर उसका स्वागत किया गया।

# मोहर्रम व कावड़ यात्रा को लेकर थाना खीरी में पीस कमेटी की बैठक संपन्न, सौहार्दपूर्ण माहौल में त्योहार मनाने की अपील

मोहम्मद असलम



**खीरी (लखीमपुर खीरी)** आगामी बीसवां मोहर्रम और कावड़ यात्रा को लेकर मंगलवार को खीरी चौकी परिसर में पीस कमेटी की एक अहम बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता नवागत थाना प्रभारी निराला तिवारी ने की। उन्होंने शुरूआत में सभी संभ्रांत नागरिकों, पत्रकारों और जनप्रतिनिधियों से परिचय कर आपसी समन्वय की भावना को मजबूत करने पर बल दिया।बैठक में बीसवें मोहर्रम के मौके पर निकलने वाले ताजियों, रात्रि जुलूस और कावड़ यात्रा की व्यवस्थाओं को लेकर विस्तार से चर्चा हुई। इस दौरान विभिन्न समुदायों के प्रतिनिधियों ने अपने सुझाव रखे और प्रशासन को सहयोग का भरोसा दिया। पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष व समाजवादी पार्टी के जिला सचिव गुफरान अहमद ने कहा, मोहर्रम का महीना हमें शांति, बलिदान और मानवता की सीख देता है। ताजियों और जुलूस के समय प्रशासन की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण होती है। हम सबको मिलकर व्यवस्था बनाए रखने में योगदान देना चाहिए।उन्होंने मोहर्रम आयोजन से जुड़ी व्यवस्थाओं की जानकारी भी साझा की। डॉ. नजर अंसारी ने कहा, त्योहार समाज को जोड़ने का माध्यम हैं। हमें चाहिए कि हम जाति-धर्म से ऊपर उठकर इंसानियत की मिसाल पेश करें और हर हाल में शांति व्यवस्था बनाए रखें। प्रशासन व आमजन के बीच बेहतर तालमेल इस दिशा में कारगर सिद्ध होगा। वरिष्ठ पत्रकार आमिर रजा पम्मी ने बैठक में कहा, मीडिया का दायित्व है कि वह सकारात्मक माहौल बनाए रखने में प्रशासन व समाज के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चले। किसी भी अफवाह से बचें और सत्य, संयम और सौहार्द को प्राथमिकता दें।थाना प्रभारी निराला तिवारी ने बैठक में मौजूद लोगों से कहा कि सभी धर्मों के लोग आपसी भाईचारे के साथ त्योहार मनाएं। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि अराजकता फैलाने वालों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा।

# बागपत बोला बेटा हो तो नाहरी गांव के दीपक दहिया जैसा

वेलकम इंडिया



**बागपत, उत्तर प्रदेश**। विवेक जैन। जनपद बागपत में कावड़ियों का आना शुरू हो चुका है।इसी क्रम में मंगलवार को गुफा मंदिर के निकट स्थित शिव बाबा कावड़ सेवा समिति स्वतंत्र नगर नरेला दिल्ली के कावड़ शिविर में नाहरी गांव के दीपक दहिया ने अल्प विश्राम किया। उनके साथ आये भोलों ने बताया कि दीपक दहिया सोनीपत के नाहरी गांव के रहने वाले है। दीपक के पिता महेन्द्र सिंह दिल्ली पुलिस से रिटायर है। दीपक के पिता को हार्ट अटैक आया था और उनका ईलाज नरेला के सुशीला अस्पताल में चल रहा था। दीपक ने उस समय भगवान शिव से पिता पर आये इस संकट को दूर करने के लिए प्रार्थना की और कहा कि पिता के ठीक होने पर वह हरिद्वार से गंगा जल लेकर आयेगा और वो भी हरिद्वार से अपने नाहरी के शिव मंदिर तक लेट-लेट कर। दीपक दहिया के पिता को जैसे ही अस्पताल से छुट्टी मिली वह तुरंत हरिद्वार के लिए निकल गया। दीपक दहिया ने 25 जून 2025 को हरिद्वार में हर के पौढी से गंगाजल लिया और वहीं से लेट-लेट कर मंगलवार 15 जुलाई को बागपत पहुंचा। बागपत में दीपक दहिया के जज्बे को पितृभक्ति को जमकर सराहना मिली। बागपत के लोगो ने कहा कि नाहरी गांव के इस लाल ने अपने कुल को गौरवान्वित किया है। बागपत के लोगो ने समाज को दीपक दहिया की पितृभक्ति से प्रेरणा लेने की बात कही और कहा कि हर घर में दीपक दहिया जैसा बेटा होना चाहिए। इस अवसर पर प्रसादे, जगवीर, राजेश अंतिल जनकपुरी, कृष्ण, राकेश, सुंडा पंडित, राजसिंह राणा प्रधान, कर्मवीर मलिक, देवेन्द्र, महामहिम राष्ट्रपति और उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा सम्मानित वरिष्ठ पत्रकार विपुल जैन बागपत, डॉ नरेन्द्र, प्रमोद सहित सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

# जयपुर की कवयित्री सुखमिला अग्रवाल'भूमिजा' को मिला' गुरु नमन सम्मान'-2025

वेलकम इंडिया






**मुंबई**। जयपुर की कवयित्री एवं समाजसेवी सुखमिला अग्रवाल'भूमिजा' को शिक्षा साहित्य के क्षेत्र में अनवरत श्रेष्ठ सृजन व योगदान हेतु गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर साहित्यिक संस्था 'कवि स्पर्श' द्वारा गुरु नमन सम्मान -2025₹ से सम्मानित किया गया है।यह पुरस्कार साहित्य के क्षेत्र में विशेष योगदान के लिए दिया जाता है।इस बार कवयित्री सुखमिला अग्रवाल'भूमिजा' को भी चुना गया। यह सम्मान बिहार की प्रतिष्ठित साहित्यिक संस्था पंजिकृत ,'कवि स्पर्श' द्वारा दिनांक 10 जुलाई 2025 को गुरु पूर्णिमा के शुभ अवसर पर संस्था की कोर कमेटी व अधिकरियों द्वारा विजुअल आन लाइन समारोह में दिया गया। उल्लेखनीय है कि इससे पहिले भी सुखमिला अग्रवाल'भूमिजा' को कई साहित्यिक व सामाजिक सम्मान राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मिल चुके हैं। सुखमिला अग्रवाल'भूमिजा' ने अपने विशिष्ट लेखन व अनथक साहित्य सेवा के द्वारा अनेक सम्मान प्राप्त किए हैं। जिनमें वर्ड रिकॉर्ड भी शामिल हैं। लेखन के क्षेत्र में कुछ समय पूर्व ही उनका आगमन हुआ है।समय-समय पर समाज सेवा बिना किसी दिखावे के समर्पित भाव से करती हैं। सुखमिला अग्रवाल'भूमिजा' कालेज के समय से ही निःशुल्क हाबी क्लासेज गरीब तबके की अशक्त लड़कियों के लिए चलाया करती थी। सुखमिला अग्रवाल'भूमिजा' एक पुस्तक,'भारत की नारी विभूतियां ' का सम्पादन व प्रकाशन कर चुकी हैं।जल्दी ही की एकल पुस्तक भी आने वाली है।इनकी रचनाएं राष्ट्रीय व अंतराष्ट्रीय पत्र-पत्रिकाओं में निरंतर प्रकाशित होती रहती है। इन्हें दो साहित्यिक व सामाजिक संस्थाओं द्वारा मानद डॉक्टरेट की उपाधि भी दी गई है। विशिष्ट प्रतिभा की धनी सुखमिला अग्रवाल'भूमिजा' उन महिलाओं के लिए प्रेरणा बन गई हैं जो उम्र बढ़ने के साथ हताशा-निराशा के वशीभूत होकर यह मान लेती हैं कि अब कुछ करने की या सपने पूरे करने की उम्र निकल गई। सुखमिला अग्रवाल'भूमिजा' ने साठ की उम्र में न सिर्फ लेखन किया वरन्- इसके अलावा कुकिंग , पेंटिंग, टेलरिंग, नृत्य, क्राफ्ट कसीदाकारी में भी कई सम्मान भी प्राप्त किए हैं। सुखमिला अग्रवाल'भूमिजा' कुछ साहित्यिक समूहों में सक्रिय हैं तथा निःस्वार्थ सेवाएं भी दे रही हैं।

आज गुरु पूर्णिमा के अवसर पर प्राप्त,' गुरु नमन सम्मान -2025 मिलने पर सभी शुभचिंतकों, मित्रों व साहित्यिक मनीषियों ने उनकी साहित्य यात्रा निर्बाध चलती रहे की कामना की तथा बधाईयां दी।

# अवैध निर्माण और अतिक्रमण के विरुद्ध कैंट बोर्ड की बड़ी कार्यवाही सदर व लालकुर्ती में जमकर चला हथौड़ा

उज्जवल रस्तौगी वरिष्ठ पत्रकार



**मेरठ**। मेरठ कैंट क्षेत्र स्थित लालकुर्ती, सदर और महाकालेश्वर नाथ मंदिर महताब के निकट सोमवार को कैंट बोर्ड के द्वारा अवैध निर्माण व अतिक्रमण पर जबरदस्त कार्रवाई की गई। सीईओ जाकिर हुसैन के निर्देशन में जेई के नेतृत्व में आधा दर्जन से अधिक अवैध निमार्णों को गिराया गया जिसमें महताब के निकट महाकालेश्वर शिव मंदिर के सामने लगभग पांच सौ गज भूमि पर भू माफिया द्वारा अवैध अतिक्रमण किया जा रहा था जिसे आज कैंट बोर्ड ध्वस्तीकरण टीम के कर्मचारियों ने उखाड़ा फैंका तथा निर्माण सामग्री भी जब्त की गई। आगे मौहम्मद शनोवर पुत्र अनवर निवासी -भवन संख्या 460, घोसी मौहल्ला लालकुर्ती और अशोक कुमार निवासी 248,रविंदर पुरी में अवैध निर्माण पर जमकर घन बजाया गया सदर में पिलरों पर कटर चला कर काटा गया।इस कार्रवाई से अवैध निर्माण कताओं में अफरातफरी मची हुई है वहीं बैंकर्स स्ट्रीट में अवैध निर्माण पर कार्रवाई के बीच अवैध डेयरी संचालक के गुर्गों ने दबंगई दिखाने कोशिश की ।कैंट बोर्ड प्रशासन ने बताया अवैध निर्माण एवं अतिक्रमण पर सख्ती से कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

# काशीराम आवास कलोनी ब्लॉक नंबर 54 मे युवती ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

असदुल्लाह सिद्दीकी

**सिद्धार्थनगर**। सदर थाना क्षेत्र जेल चौकी अंतर्गत काशीराम आवास कालोनी ब्लॉक नंबर 54 में मंगलवार रात एक युवती ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। मृतका युवती की पहचान मुस्कान पुत्री राजू के रूप में हुई है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। मामले की जांच शुरू कर दी है।

परिजनों के मुताबिक, मुस्कान मंगलवार शाम तक सामान्य थी।वह अपने माता-पिता, बहन और दो छोटे भाइयों के साथ कांशीराम आवास कलोनी में रहती थी। पिता राजू राजगीर मिस्त्री हैं और मेहनत-मजदूरी कर परिवार का पालन-पोषण करते हैं। रात करीब 8 बजे जब परिजन कमरे में पहुंचे, तो मुस्कान को फंदे से लटका पाया। उन्होंने तुरंत उसे नीचे उतारकर पुलिस को सूचना दी। सूचना पर सदर थाना प्रभारी निरीक्षक दुर्गा प्रसाद पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और शव को मॉर्चरी हाउस भिजवाकर पंचनामा की कार्रवाई शुरू की। उन्होंने बताया कि मृतका का मोबाइल जब्त कर लिया गया है। कॉल डिटेल्स और सोशल मीडिया गतिविधियों की गहन जांच की जा रही है।

# नमो भारत बन रही यात्रियों की पसंदीदा व भरोसेमंद पारगमन प्रणाली

उज्जवल रस्तौगी वरिष्ठ पत्रकार



**मेरठ**। दिल्ली व मेरठ के बीच विश्वसनीय यात्रा अनुभव प्रदान कर रही नमो भारत ट्रेन अब यात्रियों के लिए सार्वजनिक परिवहन का भरोसेमंद, पसंदीदा, बेहतर और तीव्र माध्यम साबित हो रही है। सर्दी हो या गर्मी, बरसात हो या बसंत, यात्री हर मौसम में नमो भारत की आरामदायक यात्रा का लुत्फ उठा रहे हैं। नमो भारत ट्रेनों का परिचालन पिछले वर्ष मेरठ साउथ स्टेशन तक शुरू होने से पहले कॉँवड़ यात्राओं और मानसून के दौरान मेरठ और दिल्ली के बीच आवागमन करना बेहद ही परेशानी भरा था।अब नमो भारत यात्रियों की इस परेशानी को कम करने में मददगार साबित हो रही है।नमो भारत के प्रति यात्रियों का भरोसा दिनों-दिन बढ़ता जा रहा है और दैनिक यात्रियों की संख्या में भी इजाफा दर्ज हो रहा है।यात्रियों के बढ़ते भरोसे के साथ, नमो भारत ने हाल ही में 1.25 करोड़ राइड्स का आंकड़ा पार किया है। इसके साथ ही अगर परिस्थितियाँ रूट डायवर्जन या रूट ब्लॉक की हों तो, ऐसी स्थिति में मेरठ से दिल्ली और दिल्ली से मेरठ पहुंचना एक बड़ी लड़ाई जीतने जैसा है, लेकिन नमो भारत के चलने के बाद यात्रियों को इस दुविधा से भी छुटकारा मिल गया है, क्यूंकि अब दिल्ली और मेरठ के बीच आवागमन करने के लिए पूर्व नियोजित यात्रा योजना की आवश्यकता नहीं है। अब बस नमो भारत पकड़िए और कुछ ही मिनटों में अपने गंतव्य तक पहुंचिए। हाल ही में एनएच-58 पर कॉँवड़ यात्रा के मद्देनजर मार्ग पर वाहनों के आवागमन पर प्रतिबंध लागू हो गए हैं, ऐसी स्थिति में निजी वाहनों में सफर करने वाले और नौकरी पेशा लोगों के लिए मेरठ और दिल्ली के बीच आना-जाना चुनौतीपूर्ण हो गया है, लेकिन यात्री नमो भारत के जरिए बिना किसी रूट डायवर्जन का सामना किए आसानी से अपनी मंजिल तक पहुँच रहे हैं।वर्तमान में नमो भारत ट्रेनें दिल्ली के न्यू अशोक नगर से मेरठ साउथ के बीच 11 स्टेशनों पर परिचालित हैं।

# धूमधाम से मनाया गया ठाकुर जी का हिंडोला महोत्सव



उज्जवल रस्तौगी वरिष्ठ पत्रकार

**मेरठ**। राधा गोविन्द शयन आरती परिकर के 56 भोग मासिक कीर्तन मे इस महा बड़ी धूम धाम से ठाकुर जी का हिंडोला महोत्सव व 56 भोग मे गुंजिया मनोरथ बनाया गया ,हिंडोला माहोत्सव मै इस बार युगल सरकार का झूला व फुलवारी के बंगले का दर्शन किया गया , सावन मास मे ठाकुर जी प्रिया जी को आंनद देने के लिए झूले व फुलवारी के बंगले मे विराजते है ।हिंडोला महोत्सव को अपने भाव मे सजाने के लिए वृन्दावन से रसिक नितिन कथुरिया भईया व निकुंज देव भईया ने अपने भाव से ₹ हिंडोला कुंजवन डालो री झुलन आयी राधिका प्यारी ₹ व ₹झोटा देवे नन्दलाल झूले राधा रानी₹ , रसिक जनो को व उत्सव प्रागण को आनद मय भजनो से भावपूर्ण किया , इन भाव से भक्तजन ने खूब आनंद लिया , उत्सव समापन के बाद भक्तो को 56 भोग मे गुजिया का प्रशाद बाटा गया । मासिक कीर्तन हर महा प्रभु की कृप्या से राधागोविन्द श्यन आरती परिकर के माध्यम से किया जाता जिसमे महीने की रितू के हिसाब से प्रभु के बंगला का मनोरथ व हर महा 56 भोग लगाया जाता है और वृन्दावन या आस पास के रसिकजन गायन के लिये बुलाते है ।

# राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ की प्रदेश कार्यकारिणी में मथुरा से दो शिक्षकों को मिला स्थान



वेलकम इंडिया

**मथुरा**। लखनऊ में आयोजित राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ उत्तर प्रदेश आम सभा की बैठक में मथुरा जिले से डॉ कमल कौशिक वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष एवं सोनल शर्मा प्रदेश संयुक्त मंत्री निर्वाचित हुई है। आगरा मंडल से प्रदेश कार्यकारिणी में दो पदाधिकारी बनाए जाने पर संगठन से जुड़े शिक्षकों एवं परिचितों ने दोनों पदाधिकारियो को बधाई दी। राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ उत्तर प्रदेश की लखनऊ में प्रदेश कार्यालय पर रविवार को बैठक संपन्न हुई बैठक में राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के राष्ट्रीय संगठन मंत्री महेंद्र कपूर एवं निवर्तमान प्रदेश अध्यक्ष डॉ निर्मला यादव एवं अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे। वरिष्ठ पदाधिकारी की मौजूदगी में संपन्न हुई चुनावी प्रक्रिया के दौरान प्रदेश अध्यक्ष के पद पर लखनऊ के प्रोफेसर डॉ संजय मेधावी एवं महामंत्री के पद पर मुरादाबाद के जोगेंद्र पाल सिंह एवं कार्यकारी अध्यक्ष डॉ उदयन मिश्रा निर्वाचित हुए। प्रदेश कार्यकारिणी के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को बधाई देने वालों में राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ की डॉ मीनाक्षी शर्मा , डॉ शिवराज भारद्वाज, डॉ योगेंद्र सारस्वत, जिला अध्यक्ष अंजना शर्मा, महामंत्री इंद्रपाल सिंह, रीना सिंह, हरिओम गुप्ता, शिखा मिश्रा, प्रीति भटनागर, हेमराज सिंह, गोविंद सिंह, वीरेन शर्मा, दिव्या यादव, मंजू चौधरी, जोगेंद्र सिंह , गोवर्धन दास गुप्ता, प्रीति पचौरी, कमलेश चौहान, राजेश झा, पवन चौधरी, सुरेश सिंह, अरुण कुमार, उत्तर प्रदेश ललित कला अकादमी के सदस्य अनिल सोनी, श्रीकांत वर्मा, सोहन झा, डॉ मनवीर सिंह, प्रेमलता वर्मा , नीतू शर्मा आदि शामिल है।

# कॉलेज के स्थापना दिवस पर नेत्र शिविर में 150 की जांच

**अनूपशहर** : डीपीबीएस कॉलेज के स्थापना दिवस पर हवन–पूजन कर शिक्षा की देवी मां सरस्वती से आशीर्वाद प्राप्त किया। कॉलेज में नि :शुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर लगाया गया जिसमे 105 लोगों का नेत्र परीक्षण किया गया। डीपीबीएस कॉलेज में हर वर्ष 15 जुलाई को स्थापना दिवस मनाया जाता है। मंगलवार को प्राचार्य प्रो. जीके सिंह के निर्देशन में प्रबंध समिति के अध्यक्ष अजय गर्ग, सेवक चंद्र गुप्ता, राजीव अग्रवाल व शिक्षकों ने हवन में आहुतियां डालकर मां सरस्वती से आशीर्वाद प्राप्त किया। प्राचार्य ने कॉलेज की उपलब्धियों पर प्रकाश डालते हुए कॉलेज को ऊंचाइयों पर ले जाने का संकल्प दोहराया। स्थापना दिवस पर कॉलेज परिसर में राजेश कुमारी आई हॉस्पिटल के तत्वाधान में नि :शुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में अनेक ग्रामीण एवं शहरी नागरिकों ने अपने नेत्रों की जांच कराई।

# चोरियां करने वाले गिरोह का खुलासा, नाबालिग समेत सात आरोपी गिरफ्तार

असदुल्लाह सिद्दीकी



**सिद्धार्थनगर**। थाना सिद्धार्थनगर पुलिस ने चोरी के मामले में तीन संदिग्धों को पकड़ा है। उनके पास से चोरी का सामान बरामद किया गया। चार बाल आपचारी भी पकड़े गए हैं।पूछताछ के बाद उन्हें न्यायालय रवाना कर दिया गया।कोतवाल दुर्गा प्रसाद ने बताया कि चोरी के मामले का पदार्फाश करने के लिए टीमें लगी थीं।इसी बीच जानकारी मिली की एलईडी आदि चोरी करने वाले शहर में मौजूद हैं।सूचना को संज्ञान में लेते हुए टीम ने बताए हुए स्थान से सात लोगों को पकड़ लिया। पकड़े गए आरोपियों की पहचान इकरामुद्दीन निवासी विनयका, दुर्गेश रस्तोगी निवासी जगदीशपुर खुर्द, राजेश गुप्ता निवासी महरिया थाना कोतवाली सिद्धार्थनगर के अलावा चार बालअपचारी शामिल हैं। जो घूमकर चोरी की वारदात को अंजाम देते थे। इनके कब्जे से 14 एलईडी टीवी, 33 सीलिंग फैन, 26 एलईडी बल्ब, एक फोटो कॉपी मशीन, दो सीपीयू, दो मॉनीटर, दो कीबोर्ड, एक माउस मय केबल, एक हार्ड डिस्क, दो बैटरी आदि बरामद की। पूछताछ करने के बाद उन्हें न्यायालय रवाना किया गया।इसमें तीन को जेल भेज दिया गया। जबकि, चार बाल अपचारियों को बाल सुधार गृह भेज दिया गया।गिरफ्तार करने वाली टीम मे उ0नि0 ग्यासुद्दीन खां, विनय कुमार सिंह, विजयशंकर सिंह मु0आ0 अनिल कुमार लाल, अशोक पासवान, हरिकेश यादव, जयप्रकाश, संजय चौरसिया का0 मनोज यादव, समरबहादुर यादव, शनि गुप्ता, आलोक कुमार, रोशन यादव शामिल रहे।

# बच्चों ने रैली निकालकर जगाई शिक्षा के प्रति अलख

असदुल्लाह सिद्दीकी



**बर्डपुर/सिद्धार्थनगर**।विकास क्षेत्र बर्डपुर के अंतर्गत जिले की सबसे बड़ी न्याय पंचायत बर्डपुर नम्बर 10 में स्थित पीएम श्री कंपोजिट विद्यालय मधुबेनिया में सर्व शिक्षा अभियान के तहत ₹स्कूल चलो अभियान, विशेष नामांकन पखवाड़ा तथा संचारी की रोग नियंत्रण₹ आदि के जन जागरुकता के उद्देश्य से रैली निकाली गई। रैली को पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ के जिला महामंत्री कलीमुल्लाह ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।पीएम श्री कंपोजिट विद्यालय मधुबेनिया से सभी बच्चे अपनेझअपने हाथों में, पूरे बस्ती में गूंजे नारा, शिक्षा है अधिकार हमारा। बच्चे मांगे प्यार दो, शिक्षा का अधिकार दो।हर घर में किरण जलेगा, हर बच्चा स्कूल चलेगा, आदि स्लोगन लिखी तख्तियां लेकर मधुबेनिया, भदवल कलयानपुर का भ्रमण करते हुए पुनः विद्यालय पर आकर समाप्त हुई। पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ के जिला महामंत्री कलीमुल्लाह ने छात्र छात्राओं अभिभावकों और उपस्थित शिक्षकों को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षा, प्रत्येक बच्चे का मौलिक अधिकार है, इसीलिए पूर्णतया निःशुल्क रूप से बच्चों को पाठ्य पुस्तक, ड्रेस, जूता मोजा, बैग, कॉपी कलम, फल, दूध, मध्यान्ह भोजन, खेल की सामग्री, स्मार्ट क्लास आदि की व्यवस्था सरकार द्वारा की जाती है। अभिभावकों को चाहिए कि वे इन सभी सुविधाओं का लाभ उठाएं और अपने बच्चों का परिषदीय विद्यालयों में अवश्य नामांकन कराएं। और प्रयास करें कि कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित न रह जाए।रैली के दौरान शिक्षक संकुल शमशुल हक, प्रधानाध्यापक सेराज अहमद, कामिनी गुप्ता, बैतुल्लाह, केशव मणि मिश्र, संजय कुमार, दीक्षा राय, मनीषा वर्मा, संजय राव, विजय लक्ष्मी, शारदा श्रीवास्तव, ज्योति गुप्ता सारिका श्रीवास्तव, प्रमिला श्रीवास्तव, प्रीति श्रीवास्तव आदि मुख्य रूप से मौजूद रहे।

# डीएम की अध्यक्षता में विकास खण्ड सांथा के ग्राम पंचायत अतरी नानकार में ग्राम चौपाल का किया गया आयोजन

वेलकम इंडिया




**संतकबीरनगर**।जिलाधिकारी आलोक कुमार की अध्यक्षता में विकास खण्ड सांथा अन्तर्गत *ग्राम पंचायत अतरी नानकार में ग्राम चौपाल* का आयोजन किया गया।इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी जयकेश त्रिपाठी उपस्थित रहे।

जिलाधिकारी द्वारा ग्राम वासियों की समस्याओं के समाधान हेतु संबंधित विभाग के अधिकारी को बुलाकर मौके पर निर्देशित किया गया। *₹गांव की समस्या, गांव में समाधान₹ * के सिद्धांत पर विभिन्न अधिकारियों को उनके विभाग से संबंधित योजनाओं को गांव में लागू किए जाने के के संबंध में जिलाधिकारी द्वारा आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।

जिलाधिकारी ने एसडीओ विद्युत को विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने हेतु व फऊरर योजना के प्रचार हेतु निर्देशित किया।खंड शिक्षा अधिकारी को पुस्तकों के वितरण और गुणवत्तापूर्वक भोजन बनवाने हेतु निर्देशित किया गया। एएनएम एवं आशा बहनों को टीकाकरण, गर्भवती महिलाओं की समय से जांच व पौष्टिक आहार वितरण हेतु निर्देशित किया गया। उन्होंने ए0एन0एम0 एवं आशा को निर्देश दिये कि गॉव में गर्भवती महिलाओं एवं बच्चों का रूटिंग टीकाकरण पर विशेष ध्यान दिया जाए, गर्भवती महिलाओं को संस्थागत प्रसव के लिए जागरूक किया जाए।साथ ही साथ उन्होंने गॉव का जन्म मृत्यु रजिस्टर अपडेट रखने एवं रजिस्टर में दर्ज आंकड़ों का सत्यापन कराये जाने हेतु निर्देशित किया। आयोजित ग्राम चौपाल में जिलाधिकारी द्वारा मनरेगा के कार्यों की समीक्षा की गई व ग्राम पंचायत में उपस्थित तालाब का अमृत सरोवर योजना के अंतर्गत सौंदर्यीकरण कराने का निर्देश दिया गया। जिलाधिकारी ने उप जिलाधिकारी मेहदावल और तहसीलदार मेहदावल को निर्विवादित वरासात के प्रकरणों का त्वरित निस्तारण करने हेतु निर्देशित किया व भूमि विवादों का समय से गुणवत्तापूर्वक निस्तारण करने हेतु निर्देशित किया।जिलाधिकारी ने ग्रामवासियों से ग्रामीण स्तर पर कार्यरत कर्मचारियों जैसे-लेखपाल, आगनवाड़ी कार्यकत्री, ग्राम विकास अधिकारी, ए0एन0एम0, आशा आदि के बारे ग्रामीणों से पूछा कि उन्हें सम्बंधित विभागों द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी अथवा सुविधायें मिल रही है या नही।

जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि विद्यालयों में बच्चों का अधिक से अधिक नामांकन हेतु उनके अभिभावकों को जागरूक किया जाए, शिक्षकगण शिक्षा की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दे। जिलाधिकारी ने चौपाल में आयुष्मान कार्ड की स्थिति, वृद्धा पेंशन, विधवा पेंशन, दिव्यांगजनों को दिव्यांग पेंशन सहित अन्ये मिलने वाली सुविधायें, वरासत के मामले, गॉव में पट्टे की स्थिति एवं पैमाइश, बिजली की उपलब्धता, विद्युत कनेक्शन एवं बिल भुगतान की स्थिति, स्थानीय चिकित्सालय की स्थिति एवं उपचार तथा चिकित्सक की उपलब्धता, मुफ्त में दी जाने वाली मरीजों को दवाओं एवं सुविधाओं की स्थिति, कन्या सुमंगलायोजना, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, उज्जवला योजना, ग्राम पंचायत में हैण्ड पम्पों की स्थिति, स्वंय सहायता समूहों, किसान क्रेडिट कार्ड आदि के बारे में चौपाल में ग्रामीणों के सामने पूछते हुए सम्बंधित विभागीय अधिकारी को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये।

# स्टेडियम रेड को हराकर स्टेडियम ग्रीन बना जिला स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता का विजेता

**विजय द्विवेदी वेलकम इन्डिया**



खेल निदेशालय उत्तर प्रदेश सरकार और जिला खेल कार्यालय प्रतापगढ़ के संयुक्त तत्वाधान में खेली गई एक दिवसीय फुटबॉल प्रतियोगिता का उद्घाटन श्री एस पी पांडेय प्रबंधक कैपिटल अकादमी लालगंज अमावा रहे जिला स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता का उद्घाटन मैच राज एंग्लो वैदिक स्कूल और यूपीएस पांडेय का पुरवा के मध्य खेल गया जिसमें राज एंग्लो वैदिक 0 के मुकाबले 2 गोल से विजई रही जिसमें अभिनव और अंशु गौड़ ने क्रमशः 1 1 गोल किया दूसरा मैच स्टेडियम ग्रीन बनाम कैपिटल अकादमी अमावा लालगंज के मध्य खेला गया जिसमें स्टेडियम ग्रीन ने 05/02 से विजय प्राप्त की स्टेडियम ग्रीन की तरफ से ह्रितिक ने 3 व अर्णव ने 2 गोल किया लालगंज की तरफ से आकाश ने 2 गोल किया ,पहला सेमीफाइनल स्टेडियम रेड और राज एंग्लो वैदिक स्कूल के मध्य खेला गया,जिसमें स्टेडियम रेड ने 2/0 से विजय प्राप्त की मोहम्मद अजान शिवम पाल ने एक एक गोल किया

दूसरा सेमीफाइनल मुकाबला केडी यादव इंटर कॉलेज रामापुर रानीगंज और स्टेडियम ग्रीन के बीच खेला गया जिसमें स्टेडियम ग्रीन 3/0 से विजय प्राप्त कर फाइनल में प्रवेश किया जिसमें मोहम्मद अजान ने दो गोल और ह्रितिक गौड़ ने 1 गोल किया प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला स्टेडियम रेड और ग्रीन के बीच खेला गया जिसमें मोहम्मद अजान के दो गोल की मदद से स्टेडियम रेड को 0 के मुकाबले 2 गोल से हराकर विजेता होने का गौरव हासिल किया

प्रतियोगिता को सफल बनाने में निर्णायक के रूप में बुद्ध प्रकाश, आशु, श्रेया सिंह,हिमांशु , और पप्पू जानी रमेश रहे समापन समारोह की मुख्य अतिथि जिला खेल अधिकारी पूनम लता राज ने विजेता और उपविजेता खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया उक्त मौके पर उप खेल अधिकारी और ताइक्वांडो प्रशिक्षक रंजीत यादव ,पूर्व अंतरराष्ट्रीय हैंडबॉल खिलाड़ी और प्रशिक्षक सचिन शुक्ला , खेलो इंडिया हॉकी प्रशिक्षक आशुतोष सिंह, कबड्डी प्रशिक्षक जेपी यादव कंप्यूटर ऑपरेटर निखिल राणा मौजूद रहे , कार्यक्रम का संचालन पूर्व रणजी ट्रॉफी खिलाड़ी और क्रिकेट प्रशिक्षक आदित्य शुक्ला ने किया।

# बिजली समस्याओं के निदान के लिए लगेंगे मेगा कैंप, विभाग ने की तैयारी : अधीक्षण अभियंता



**असदुल्लाह सिद्दीकी**

**शोहरतगढ़/ सिद्धार्थनगर।** पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड के बस्ती मंडल के अधीक्षण अभियंता अजय कुमार व अधिशाषी अभियंता ज्ञानप्रकाश मंगलवार को शोहरतगढ़ विधायक विनय वर्मा से मिलने उनके आवास पर गए ।इस दौरान उन्होंने निगम द्वारा किए गए कार्यों के बारे में बताया। दोनों अधिकारियों ने बताया कि आगामी 17 से 19 जुलाई तक क्षेत्र में कई जगह विशेष बिजली समाधान शिविर लगेगा, जिसमें उपभोक्ताओं की समस्त समस्याओं को दूर किया जाएगा। अधिकारियों ने विधायक को बताया कि पकड़ी उपकेन्द्र के अन्तर्गत एक 05 एमवीए पावर ट्रांसफॉर्मर स्थापित किया गया,जिससे क्षेत्र की जनता को लो-वोल्टेज की समस्या से राहत मिली है ।इसके अलावा वहां 04 किमी 11 केवी नई फीडर लाइन का निर्माण कार्य प्रगति पर है। इसके अलावा बढ़नी नगर के तहत गोला बाजार व चट्टी बाजार में नई एलटी लाइन सर्किट बनाई गई है, जिससे लो-वोल्टेज व लोकल फॉल्ट की समस्या का समाधान हुआ है ।ढेबरूआ उपकेन्द्र के अन्तर्गत 07 किमी 11 केवी की नई फीडर लाइन तुलसियापुर हेतु बनाई गई,जिसे शुरू कर दिया गया है। इससे क्षेत्र की विद्युत आपूर्ति सुचारू हुई है। विधायक विनय वर्मा ने बताया कि विधानसभा क्षेत्र शोहरतगढ़ में अतिरिक्त ट्रांसफॉर्मरों की स्थापना व ट्रांसफॉर्मर क्षमतावृद्धि का कार्य सम्पन्न किया गया है, जिससे उपभोक्ताओं को बेहतर बिजली आपूर्ति सुनिश्चित हो रही है। बिजली की समस्याओं को दूर करने के लिए वह हमेशा प्रयासरत रहते हैं।

# जयसिंहपुरा में सड़क पर बना डलावघर, नगर आयुक्त ने हटवाया

**वेलकम इंडिया**



**मथुरा।** शहरी स्वच्छता व्यवस्था को सुदृढ़ एवं प्रभावी बनाने के उद्देश्य से नगर आयुक्त जग प्रवेश द्वारा नियमित रूप से निरीक्षण किया जा रहा है। इसी क्रम में सोमवार को सुबह नगर आयुक्त द्वारा वार्ड 17 बैरागपुरा का स्थलीय निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान क्षेत्र की सफाई व्यवस्था की बारीकी से समीक्षा की गई तथा वार्ड में कार्यरत सफाई कर्मियों की उपस्थिति की जांच की गई।

जांच के दौरान चार सफाई कर्मचारी अनुपस्थित पाए गए, जिनके विरुद्ध विभागीय कार्रवाई के निर्देश दिए गए। इसके उपरांत नगर आयुक्त द्वारा वार्ड 36 जयसिंहपुरा का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान मुख्य मार्ग पर स्थित डलाव घर को तत्काल हटाकर वहां सौंदर्यीकरण कार्य कराने के निर्देश नगर स्वास्थ्य अधिकारी को दिए गए। साथ ही डलाव घर के पास स्थित टूटी हुई नाली की मरम्मत कर उसे पक्का करने के निर्देश भी संबंधित विभाग को दिए गए एवं डलावघर के पास स्थित एक खाली प्लॉट के सामने हरित पर्दा (ग्रीन सीट) लगाने के निर्देश दिए गए ताकि क्षेत्र की दृश्यात्मक सुंदरता में वृद्धि हो सके। निरीक्षण के दौरान वार्ड 36 के पार्षद राकेश भाटिया, डॉ0 गोपाल बाबू गर्ग नगर स्वास्थ्य अधिकारी सहित आदि उपस्थित रहे।

# गिरिराज तलहटी क्लीन और प्लास्टिक मुक्त होगी, पीड़ित को मिलेगा न्याय : एसडीएम गोवर्धन

**वेलकम इंडिया**




**मथुरा/गोवर्धन।** गिरिराज तलहटी क्लीन और प्लास्टिक मुक्त होगी, हर पीड़ित को न्याय मिलेगा, गोवर्धन परिक्रमा को आने वाले श्रद्धालुओं को सुगमता का एहसास होगा. एसडीएम ने एक परिक्रमा मार्ग की साफ सफाई के लिए टीम गठित कर नायाब तहसीलदार को परिक्रमा मार्ग की सफाई व्यवस्था का खयाल रखने की जिम्मेदारी सौंपी गई है.

मंगलवार को तहसील मुख्यालय पर नवागत उप जिलाधिकारी से एक अनौपचारिक मुलाकात करने गोवर्धन तहसील प्रेस क्लब के अध्यक्ष श्याम जोशी एवं ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के तहसील अध्यक्ष डॉ. कमल यदुवंशी के नेतृत्व में एकत्रित पत्रकार दोपहर को तहसील मुख्यालय पहुंचे। यहां नवागत उप जिलाधिकारी प्रजाक्ता त्रिपाठी को चुनरी दुपट्टा ओढ़ाकर एवं स्मृति चिह्न भेंटकर अभिनंदन किया। दफ्तर में अनौपचारिक मुलाकात में क्षेत्रीय समस्या, धार्मिक आयोजन एवं विभिन्न समस्याओं के निराकरण को लेकर चर्चा की। उन्होंने पत्रकारों से आगामी जन्माष्टमी, स्वतंत्रता दिवस, राधाष्टमी, अहोई अष्टमी जैसे धार्मिक मेलों के आयोजन पर चर्चा कर जानकारी ली। उन्होंने कहा की गिरिराज परिक्रमा मार्ग में की सफाई व्यवस्था को लेकर एक टीम गठित कर दी है और एक नायाब तहसीलदार को परिक्रमा मार्ग की सफाई व्यवस्था का खयाल रखने की जिम्मेदारी सौंपी गई है । एसडीएम ने बताया कि पत्रकार उन्हें क्षेत्रीय समस्याओं से रुबरु कराएं वह प्राथमिकता पर उनका निदान कराएंगी। इस अवसर वरिष्ठ पत्रकार वन बिहारी भारद्वाज, खन्ना सैनी, गोपाल कृष्ण गोलू, नरेश स्वामी, अमित गोस्वामी, अजय ठाकुर, पंकज वर्मा, महेश सैनी, पंकज वर्मा, पवन पाठक, ओम प्रकाश लवानियां, आदि मौजूद रहे।

# नोहझील में गोवंशों की दुर्दशा पर गोशाला की जांच को मुख्यमंत्री से शिकायत


**वेलकम इंडिया**



**मथुरा।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ गोशालाओं की देखरेख हेतु प्रति गोवंश 900 रुपये प्रतिमाह देकर लाखों रुपये खर्च कर रहे है ।वही उक्त गोशाला संचालक गोवंशों के भूसे चारे के लाखों रुपयों से अपनी जेब भरने में लगे है। गोवंशों को भूसा चारा न मिलने से उनकी स्थिति नाजुक हो रही है ।जिनमे दर्जन भर गोवंश मृत हो कर जमीन में दफन कर दिए गए और दस्तावेजों में आज भी जीवित होकर चारा पानी ले रहे है। उक्त गोशाला मथुरा जनपद के नोहझील स्थित गाँव बघर्रा मे सुशील शर्मा द्वारा संचालित होती है। गोशाला में गोवंशों की दयनीय स्थिति को देखते हुए स्थानीय निवासी धर्मवीर निषाद ने गोशाला में गोवंशों की दयनिय हालत को देखते हुए गोवंश की दुर्दशा पर। कई बार क्षेत्रीय जिम्मेदार अधिकारियों से इसकी शिकायत की हो सकता है। गोशाला संचालक के रसूखदारों से संबंधों के चलते गोशाला संचालक पर कार्यवाही नही हो पाने से गोशाला संचालक के हौंसले बुलंद है। शिकायतकर्ता धर्मवीर निषाद बताते है। गोशाला में जीवित गोवंशों के साथ मृत पड़े अवशेषो में कीड़े लग चुके है। जिन्हें न तो दफनाया जा रहा है ।ओर न ही जीवित गोवंशों का उपचार कराया जा रहा है। जिससे क्षेत्र में आस पास रहने वालों को बदबू में रहना पड़ रहा है वही अन्य जीवित गोवंशों को भरपेट भोजन न मिल पाने से उनकी भी अवस्था मरणासन्न हो रही है। जो कीड़े मकोड़ो का शिकार हो रही है। धर्मवीर निषाद ने जिलाधिकारी मथुरा व प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को जनसुनवाई पोर्टल सहित लिखित रूप से शिकायती पत्र भेज इस गौशाला के खिलाफ जांच करा कार्यवाही की मांग की है।

# जंगली पौधों, झाड़ियों और पेड़ों से घिरे ट्रांसफार्मर, लापरवाही की सारी हदें पार

**वेलकम इंडिया/चरन सिंह**



**बरेली।** शहर की बिजली व्यवस्था आखिर दुरुस्त हो भी तो कैसे दुरुस्त हो, क्योंकि अधिकारियों के लाख निदेशों के बावजूद बिजली विभाग के कर्मचारी और उपकेंद्र पर जमे हुए अधिशासी अभियंता अपनी मनमानी करने से बाज नहीं आ रहे। शहर के सर्वोदय नगर कॉलोनी, सीबीगंज, लोहिया बिहार, शिवनगर जौहरपुर के साथ तमाम इलाकों में जहां-जहां ट्रांसफार्मर लगे हुए हैं उन ट्रांसफार्मरों के चारों तरफ बारिश के मौसम में प्लास्टिक की पन्नी लगाने के लिए बिजली विभाग के उच्च अधिकारियों द्वारा कर्मचारियों को निर्देशित किया गया है बावजूद इसके अभी तक किसी भी ट्रांसफार्मर के चारों तरफ प्लास्टिक की पन्नी लगाना तो दूर उन ट्रांसफार्मरों के चारों तरफ जमे हुए जंगली पौधों, झाड़ियों और पेड़ों को हटाया नहीं जा सका है। नतीजन इन पेड़ों और पौधों के कारण फाल्ट होते रहते हैं और बिजली विभाग के कर्मचारी उन्हें दुरुस्त करने के लिए जब उपभोक्ताओं की शिकायत पर आते हैं तो पेड़ों की डालियां या पेड़ों और झाड़ियां को छांटते नहीं बल्कि लुका-छुपी खेलते हुए फाल्ट को दुरुस्त करने का प्रयास करते हैं। सर्वोदय नगर कॉलोनी के रहने वाले स्थानीय उपभोक्ताओं द्वारा जब बिजली विभाग के कर्मचारियों से कहा गया कि इन पेड़ों और झाड़ियां को ट्रांसफार्मर के चारों तरफ से हटा दीजिए ताकि भविष्य में बारिश के मौसम में किसी प्रकार की तकनीकी कमी ना उत्पन्न हो तब कर्मचारियों द्वारा उपभोक्ताओं की बात का कोई महत्व नही समझा गया और बिजली कर्मचारी वहां से रफू चक्कर हो गए। दरअसल बरेली शहर में तमाम ऐसे इलाके हैं जहां पर ट्रांसफार्मर के चारों तरफ झाड़ियां और जंगली पेड़ उग आए हैं। जिनकी वजह से आए दिन बिजली संबंधी समस्याएं उत्पन्न होती रहती है लेकिन उच्च अधिकारियों के बार-बार निर्देश देने के बावजूद बिजली विभाग के कर्मचारी और उपकेद्रों पर जमे हुए अधिशासी अभियंता इस तरफ कोई गौर नहीं कर रहे हैं।

# जमीयतुर्रजा इस्लामिक स्टडीज सेंटर में छात्र ने गमछे के सहारे लगाई फांसी, पुलिस जांच में जुटी

**वेलकम इंडिया/चरन सिंह**



**बरेली।** सीबीगंज क्षेत्र के मथुरापुर स्थित मदरसा जमीयतुर्रजा इस्लामिक स्टडीज सेंटर में मंगलवार को बिहार से पढ़ने आए 22 वर्षीय छात्र ने गमछे के सहारे फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि छात्र अपनी रिश्तेदारी की युवती से तय निकाह टूटने से मानसिक रूप से परेशान था। सूचना पर पहुंची सीबीगंज थाना पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम की कार्रवाई शुरू की, हालांकि मदरसा प्रबंधन और मृतक के परिजन पोस्टमार्टम कराने से इनकार कर रहे हैं। जानकारी के मुताबिक, मृतक छात्र की पहचान बिहार के जिला कटिहार निवासी मोहम्मद ओवैस के रूप में हुई है, जो मदरसे में आलमियत कोर्स का छात्र था और कमरा संख्या 87 में अकेले रह रहा था। मंगलवार सुबह सभी छात्र पढ़ाई के लिए क्लास में चले गए, लेकिन ओवैस नहीं पहुंचा। करीब 11 बजे जब छात्र इंटरवल में हॉस्टल लौटे तो देखा कि ओवैस का शव कमरे में गमछे के सहारे लटका हुआ है। मदरसे की ओर से सूचना मिलने पर थाना प्रभारी अभिषेक सिंह पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और कमरे की तलाशी ली। शव को सील कर पोस्टमार्टम के लिए भेजने की तैयारी की, मगर मदरसा प्रबंधन और मृतक के परिवारजन शव का पोस्टमार्टम कराने से इंकार कर रहे हैं। पुलिस की पूछताछ में सामने आया है कि ओवैस का निकाह बिहार में ही एक रिश्तेदार युवती से तय हुआ था, लेकिन हाल ही में लड़की पक्ष ने रिश्ता तोड़ दिया था।

# हीरा कुंड की बदहाली से नाराज सीईओ , अधिकारियों को दिए निर्देश



**वेलकम इंडिया**

**मथुरा।** मांट स्थित हीरा कुंड की बदहाली को देखकर उत्तर प्रदेश ब्रज तीर्थ विकास परिषद के सीईओ श्याम बहादुर सिंह ने नाराजगी जताई। साथ ही संबंधित अधिकारियों को साफ-सफाई और क्षतिग्रस्त रेलिंग को दुरुस्त करने और नियमित देखरेख के निर्देश दिए हैं। उन्होंने बताया है कि हीरा कुंड में 32 सोलर लाइटें लगाई गईं थी। इसमें सिर्फ 20 लाइटें की संचालित हैं। वहीं देखरेख के अभाव में कुंड के आसपास बड़ी-बड़ी घास उग आई है और पेड़ गिरने से रेलिंग भी क्षतिग्रस्त है। उन्होंने इस संबंध में ग्राम प्रधान से पूछा तो वह जवाब नहीं दे पाए। वहीं खंड विकास अधिकारी ने सारी व्यवस्थाएं दुरुस्त करने आश्वासन दिया है। एसबी सिंह ने बताया है कुंड में बिजली कनेक्शन को लेकर मंगलवार को ब्रज तीर्थ विकास परिषद कार्यालय विद्युत निगम के अधिकारियों के साथ बैठक की जाएगी। वहीं डीपीआरओ को भी मौका निरीक्षण करने के लिए निर्देशित किया गया है।

# संकुल बैठक में भी विद्यालयों के विलय का मुद्दा छाया रहा, उपस्थित शिक्षकों ने सभी से एकजुट रहने की अपील की

**वेलकम इंडिया/चरन सिंह**




**बरेली।** न्याय पंचायत जोगीठेर की मासिक संकुल बैठक का आयोजन मंगलवार को कंपोजिट विद्यालय जोगीठेर में किया गया। बैठक में न्याय पंचायत जोगीठेर के सभी विद्यालयों से शिक्षकों ने प्रतिभाग किया। बैठक की शुरूआत दोपहर 1:30 पर नोडल संकुल शिक्षक मोहन सिंह द्वारा शिक्षकों के स्वागत से की गई। इसके बाद बैठक के एजेंडे के अनुसार बैठक में उपस्थित शिक्षकों के छोटे-छोटे समूह बनाकर एक मनोरंजक गतिविधि शब्द संकेत का आयोजन किया गया। दूसरे सत्र में छुट्टी के बाद विद्यालयों में वापसी करने वाले बच्चों को सीखने की लय में लाना ऐसर फ्रेमवर्क पर चर्चा की गई। उसके बाद अगले सत्र में विज्ञान किट, गणित किट, टैबलेट, स्मार्ट टीवी आदि के प्रयोग के बारे में उपस्थित सभी शिक्षकों से चर्चा की गई। इसके बाद बैठक में उपस्थित शिक्षकों द्वारा अपने-अपने शिक्षण अधिगम सामग्री (टीएलएम) का प्रदर्शन किया गया, तथा विद्यालय में आ रही चुनौतियों और समस्याओं पर चर्चा की गई। इस अवसर पर संकुल शिक्षक राखी सक्सेना ने कहा कि इस समय विद्यालय के विलय की समस्या सबसे बड़ी समस्या है। हम सभी को एकजुट होकर इस समस्या से लड़ना होगा और जब भी कोई संगठन आह्वान करें तो हम सभी को अपनी उपस्थिति दर्ज करानी होगी। सुधांशु कुमार ने भी विद्यालय विलय की समस्या को निजीकरण का एक अंग बताते हुए कहा कि, हमारे देश में 80% ग्रामीण क्षेत्र में अधिकतर बालिकाओं की शिक्षा इससे बाधित होगी। ग्रामीण परिवेश में रहने वाले लोग अपनी बेटियों को दूरगामी विद्यालयों में पढ़ाने के लिए तैयार नहीं होते, जिसके कारण उनकी शिक्षा अधूरी ही रह जाती है।

# भारतीय किसान संघ का खंड स्तरीय द्वितीय प्रशिक्षण वर्ग संपन्न

**वेलकम इंडिया**



**बुलंदशहर ।** भारतीय किसान संघ बुलंदशहर जनपद के खंड स्तरीय प्रशिक्षण वर्गों की श्रृंखला में शिकारपुर खंड का द्वितीय प्रशिक्षण वर्ग सोमवार को खलसिया गांव में आयोजित किया गया। प्रशिक्षण वर्ग में संगठनात्मक विषयों, आंदोलन की दिशा और वर्ष भर की योजनाओं पर विस्तार से चर्चा की गई। प्रशिक्षण वर्ग के प्रथम सत्र को जिला अध्यक्ष महेश चंद लोधी ने संबोधित किया। उन्होंने भारतीय किसान संघ की रीति-नीति एवं कार्य पद्धति पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि संघ की मांग पर केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने मिलावटी खाद्य सामग्री पर सख्त कार्रवाई हेतु सभी राज्यों को पत्र जारी किया है, जिसे संगठन सराहना की दृष्टि से देखता है। द्वितीय सत्र का संचालन जिला मंत्री एवं शिकारपुर खंड प्रभारी पुष्पेंद्र त्यागी ने किया। उन्होंने संगठन की सबसे सशक्त इकाई ग्राम समिति को बताया और उसे मजबूत करने की आवश्यकता पर बल दिया। साथ ही, आगामी वर्ष भर के कार्यक्रमों की रूपरेखा कार्यकताओं को दी। प्रशिक्षण वर्ग में दीपक शर्मा, सत्य प्रकाश शर्मा, सुरेश चंद्र शर्मा, संजय शर्मा, राजकुमार शर्मा, बल्ले शर्मा, नीरज शर्मा, सुखबीर सिंह, हरफूल गिरी, सत्य प्रकाश गिरी, ओमप्रकाश गिरी, सियोराज सिंह, बिशम्बर दयाल शर्मा, चौधरी जितेंद्र सिंह, चौधरी महेश सिंह, चौधरी यशपाल सिंह, प्रशांत चौधरी, आदित्य सिंह, रमेश सिंह, धर्मेंद्र सिंह, डॉ. राकेश शर्मा, चौधरी अजय सिंह, सुखवीर त्यागी समेत अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# डीपीएस मोदीनगर में भव्य फ्रेंच दिवस समारोह- भाषा, संस्कृति और वैश्विकता का संगम

वेलकम इंडिया



**मोदीनगर,(अनिल वशिष्ठ)।** दिल्ली पब्लिक स्कूल, मोदीनगर में सोमवार को अत्यंत हर्षोल्लास और सांस्कृतिक उत्साह के साथ फ्रेंच दिवस का आयोजन किया गया। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य छात्रों को फ्रेंच भाषा, उसकी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत, कला और परंपराओं के प्रति जागरूक करना तथा उन्हें वैश्विक दृष्टिकोण अपनाने के लिए प्रेरित करना था।इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में फ्रेंच शिक्षिका श्रीमती नेहा सहगल (एमपीजी एस,वेदव्यासपुरी) उपस्थित रहीं। कार्यक्रम में विद्यालय के चेयरमैन डॉ. विक्रम गांधी, ट्रस्टी श्रीमती अनीशा गांधी, अर्शिया गांधी,डॉ निधि अग्रवाल ,डॉ अचिंत्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ स्वागत भाषण के साथ हुआ। इसके पश्चात छात्रों ने फ्रेंच भाषा में संवाद, कविता पाठ, सांस्कृतिक नृत्य और गीतों की रंगारंग प्रस्तुतियाँ दीं, जिनमें उनकी रचनात्मकता और आत्मविश्वास स्पष्ट रूप से दिखाई दिया। कार्यक्रम के विशेष आकर्षणों में फ्रांस की संस्कृति पर आधारित फ्रेंच फैशन शो, और फ्रेंच फूड स्टॉल शामिल थे। छात्रों ने फ्रांसीसी परिधानों में रैंप वॉक कर वातावरण को जीवंत बना दिया। फूड स्टॉल में क्रोइसाँ, बगेट और मैकारों जैसे स्वादिष्ट पारंपरिक व्यंजनों का आनंद लिया गया। श्रीमती नेहा सहगल ने अपने संबोधन में फ्रेंच भाषा की वैश्विक महत्ता और उसके करियर में योगदान पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि आज की वैश्विक दुनिया में बहुभाषी होना एक अनमोल संपत्ति है, जो छात्रों को अंतरराष्ट्रीय मंच पर नई पहचान दिला सकती है। विद्यालय के चेयरमैन डॉ. विक्रम गांधी ने छात्रों की प्रस्तुति की सराहना करते हुए कहा, इस प्रकार के आयोजन छात्रों में वैश्विक संस्कृति के प्रति सम्मान और समझ विकसित करते हैं। फ्रेंच दिवस जैसी पहलें उन्हें वैश्विक नागरिक बनने की दिशा में प्रेरित करती हैं। ट्रस्टी श्रीमती अनीशा गांधी ने कहा, डीपीएस मोदीनगर हमेशा से ही सर्वांगीण शिक्षा का पक्षधर रहा है। फ्रेंच दिवस जैसे आयोजन विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास और वैश्विक दृष्टिकोण के विस्तार में सहायक हैं। हमें गर्व है कि हमारे विद्यार्थी आज विविध भाषाओं और संस्कृतियों को अपनाने में अग्रणी हैं।ऻ प्रधानाचार्य श्री एन. सिंह ने अपने विचार रखते हुए कहा, भाषा केवल संप्रेषण का माध्यम नहीं, बल्कि संस्कृति और विचारों की संवाहिका होती है। फ्रेंच भाषा न केवल साहित्यिक दृष्टि से समृद्ध है, बल्कि यह विश्व में सबसे अधिक बोली जाने वाली भाषाओं में से एक है। विद्यार्थियों को इसका अध्ययन वैश्विक मंच पर बेहतर अवसर प्रदान करेगा।ऻ कार्यक्रम के अंत में प्रतिभागी छात्रों को प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए।

यह आयोजन सभी के लिए एक प्रेरणादायक, शैक्षिक और सांस्कृतिक अनुभव साबित हुआ, जिसने न केवल भाषा के महत्व को रेखांकित किया, बल्कि छात्रों को अंतरराष्ट्रीय स्तर की सोच और अभिव्यक्ति का अवसर भी प्रदान किया।

# छाया स्कूल के पूर्व छात्र वंश का राष्ट्रीय टीम में शामिल होने पर किया गया जोरदार स्वागत



वेलकम इंडिया

**मोदीनगर,(अनिल वशिष्ठ)।** गोविंदपुरी स्थित छाया पब्लिक स्कूल के पूर्व छात्र वंश का भारतीय रस्सा कशी टीम में चयन होने पर वंश व उनके कोच मनोज कनौजिया का विद्यालय परिसर में जोरदार स्वागत किया गया वंश 4 से 7सितंबर तक नॉटिंघम इंग्लैंड में होने वाली अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ अरुण त्यागी ने बताया की वंश बचपन से ही खेलों में विशेष रुचि रखते थे और सभी खेलों में अव्वल रहते थे सुविधाओं के अभाव में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहुंचना सही मायने में एक बड़ी उपलब्धि है और युवाओं को खेलो के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए वंश से प्रेरणा लेनी चाहिए विद्यालय के प्रबंधक अखिलेश द्विवेदी जो स्वयं राष्ट्रीय स्तर के बैडमिंटन के खिलाड़ी रहे हैं उन्होंने कहा आने वाले समय में वंश छाया पब्लिक स्कूल का ही नहीं पूरे मोदीनगर का नाम विश्व भर में रोशन करेंगे विद्यालय के सभी छात्रों शिक्षकों ने वंश के उज्जवल भविष्य की कामना कर उन्हें अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में विजय होने की अग्रिम शुभकामनाएं दी।

# शिव भक्तों से रतिक भोला की अपील-शांति पूर्वक जल लेकर आए

वेलकम इंडिया



**मोदीनगर,(अनिल वशिष्ठ)।** शिव भक्तों से अपिल रितिक भोला गोविंदपुरी मोदीनगर ने अपील करते हुए कहा कि आप सभी से हाथ जोड़कर निवेदन करता हूँ सभी शिव भक्त आप जल लेकर आ रहे हैं। बहुत ही शांति पूर्वक आए किसी भी प्रकार के झगड़े से बचे और अपने निवास पर शांति पूर्वक जल लेकर आए।अभी रोज की रोज सुनने में आ रहा हैं कि कभी वहां गाड़ी तोड़ दी कभी वहां होटल में तोड़ फोड़ कर दी देखे आप बहुत ही श्रद्धा पूर्ण जल लेकर आ रहे हैं और अगर किसी भी प्रकार से कोई झगड़े का माहौल बन जाए तो उसको बहुत ही समझदारी शांति पूर्वक आपस में मिलकर निपटा लें। आप इतनी गर्मी और इतनी दूर से जल लेकर बहुत भक्ति भाव से आ रहे हैं आपके परिवार वाले आप सभी का इंतजार करते हैं। आप सभी से निवेदन करता हूँ कि किसी भी प्रकार की तोड़फोड़ नही करें समझदारी से काम करें और प्रशासन का सहयोग करें, साथ ही अगर आपको प्रशासन की जरूरत पड़ती हैं तो साथ में लेले बशर्ते अपने हाथ में कानून को ना लें।

## नाबालिग छात्रा से दुष्कर्म

**गाजियाबाद।** मोदीनगर थानाक्षेत्र में एक 16 वर्षीय छात्रा के साथ दुष्कर्म का मामला सामने आया है। किदवईनगर कॉलोनी का रहने वाला रोहित नाम का युवक छात्रा का पीछा करता था। कुछ समय बाद दोनों की दोस्ती हो गई। 9 मई को आरोपी छात्रा को मुरादनगर के एक होटल में ले गया। वहां उसे नशीला पदार्थ पिलाकर दुष्कर्म किया। इस दौरान उसने वीडियो भी बना ली। तब से आरोपी वीडियो और फोटो वायरल करने की धमकी देकर लगातार दुष्कर्म कर रहा है। आरोपी पीड़िता को बदनाम करने और जान से मारने की धमकियां भी दे रहा है। बदनामी के डर से छात्रा ने दो बार आत्महत्या का प्रयास किया। पीड़िता की मां ने मोदीनगर थाने में शिकायत दर्ज कराई है। एसीपी मोदीनगर ज्ञानप्रकाश राय ने बताया कि रोहित, उसका एक साथी नाजिम और रोहित के परिजनों के खिलाफ संगीन धाराओं में केस दर्ज किया गया है। पुलिस आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है।

## नाबालिग युवती से दुष्कर्म मामले में दो गिरफ्तार

**गाजियाबाद।** थाना लोनी बॉर्डर क्षेत्र से एक सनसनीखेज मामला सामने आया है। पुलिस ने नाबालिग युवती से दुष्कर्म के एक गंभीर मामले में आरोपी युवक शशांक और उसका साथ देने वाली बहन सिमरन को गिरफ्तार किया है। पुलिस जानकारी के अनुसार, 12 जून 2025 को एक व्यक्ति ने थाना लोनी बॉर्डर में तहरीर दी कि उसकी नाबालिग पुत्री घर से किसी के साथ कहीं चली गई है और वापस नहीं लौटी है। शिकायत के आधार पर पुलिस ने तत्काल अपहरण के तहत मामला दर्ज करते हुए पीड़िता की तलाश शुरू की। थाना लोनी बॉर्डर पुलिस टीम ने तत्परता दिखाते हुए पीड़िता को बरामद किया। पीड़िता के बयान के आधार पर नोएडा निवासी शशांक और उसकी बहन सिमरन को गिरफ्तार कर लिया। लोनी बॉर्डर थाना पुलिस ने जानकारी देते हुए बताया कि आरोपी शशांक और नाबालिग युवती की दोस्ती सोशल मीडिया के माध्यम से हुई थी। शशांक ने पीड़िता को मिलने के बहाने घर से बाहर बुलाया और बहला फुसला कर अपनी बहन सिमरन के घर दिल्ली ले गया और उसके साथ रेप जैसी घिनौनी वारदात को अंजाम दिया। आरोपी शशांक प्राइवेट नौकरी करता है। पुलिस ने इस पूरे मामले में अपहरण के साथ साथ पॉक्सो एक्ट की धाराओं में आरोपियों का चालान किया है और जेल भेजने की तैयारी शुरू कर दी है साथ ही दोनों के आपराधिक इतिहास की भी जानकारी की जा रही है।

## सुंदरदीप इंजीनियरिंग कॉलेज में बी.टेक और एम.टेक छात्रों को दी गई भावभीनी विदाई

**गाजियाबाद।** डासना स्थित सुंदरदीप इंजीनियरिंग कॉलेज का विदाई समारोह उस समय एक यादगार दास्तां बन गया, जब कॉलेज ने बी.टेक और एम.टेक के अंतिम वर्ष के छात्रों को सम्मान, स्नेह और आशीर्वाद के साथ अलविदा कहा। यह दिन केवल एक परंपरा नहीं, बल्कि उन अनगिनत भावनाओं, उपलब्धियों और उम्मीदों का संगम बन गया, जो विद्यार्थियों ने अपने चार वर्षों के सफर में संजोए थे। कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्वलन और सरस्वती वंदना से हुई, जिससे वातावरण में सकारात्मक ऊर्जा और पवित्रता का संचार हुआ। इसके पश्चात रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने पूरे सभागार को उत्साह, हर्ष और भावुकता से भर दिया। छात्रों ने नृत्य, गीत, नाटक और कविताओं के माध्यम से कॉलेज में बिताए पलों को जीवंत कर दिया। हर प्रस्तुति ने तालियों की गडगड़ाहट और दर्शकों की वाहवाही के बीच छात्रों के भीतर की रचनात्मकता और आत्मविश्वास को बयां किया। इस अवसर पर कॉलेज प्रबंधन के वरिष्ठ पदाधिकारियों ने अपने प्रेरक उद्बोधनों में छात्रों को जीवन में उद्देश्य, मूल्य और संघर्ष से जुडे का संदेश दिया। उन्होंने यह स्पष्ट किया कि शिक्षा केवल डिग्री तक सीमित नहीं, बल्कि यह जीवन को दिशा देने वाला संपूर्ण अनुभव है। विद्यार्थियों को जिम्मेदार नागरिक बनकर समाज में योगदान देने, अवसरों को पहचानने और कभी न रुकने का संदेश दिया गया। कॉलेज की निदेशक डॉ. मोनिका सेंगर ने छात्रों को उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं देते हुए कहा कि हर छात्र के अंदर एक अनमोल संभावना है, जिसे दुनिया में रोशन करना अब उनका अगला लक्ष्य होगा।

# भारतीय उपभोक्ता परिसंघ के प्रदेश सचिव ने अंकुर सक्सेना को जिला महासचिव नियुक्त किया

वेलकम इंडिया

**मोदीनगर,(अनिल वशिष्ठ)।** भारतीय उपभोक्ता परिसंघ उपभोक्ताओं के अधिकारों और हितों की रक्षा के लिए निरंतर कार्य कर रही है। इसी क्रम में उपभोक्ता कल्याण परिषद समिति को और अधिक सक्रिय और प्रभावशाली बनाने के उद्देश्य से एक महत्वपूर्ण नियुक्ति की गई है। सम्माननीय उत्तर प्रदेश प्रदेश सचिव अमित शर्मा द्वारा अंकुर सक्सेना को भारतीय उपभोक्ता परिसंघ का सदस्य एवं उपभोक्ता कल्याण परिषद समिति का जिला महासचिव नियुक्त किया गया है। अमित शर्मा स्वयं वर्षों से उपभोक्ताओं के हितों की रक्षा करते आ रहे हैं और इन्होंने अनेक सामाजिक कार्य किए हैं। वे हमेशा उपभोक्ताओं के अधिकारों को दिलाने और उन्हें न्याय दिलाने के लिए संघर्षरत रहे हैं। अंकुर सक्सेना भी सामाजिक क्षेत्र में सक्रिय भूमिका निभाते रहे हैं और उपभोक्ता जागरूकता अभियान में उनकी विशेष रुचि रही है। संगठन को विश्वास है कि अंकुर सक्सेना अपने जिले में उपभोक्ताओं की समस्याओं का समाधान करने और उनके अधिकारों की रक्षा में अहम योगदान देंगे।



# वैश्य समाज की बैठक में कई मुद्दों पर हुई चर्चा



वेलकम इंडिया

**मोदीनगर,(अनिल वशिष्ठ)।** वैश्य समाज की एक बैठक राजू तायल संरक्षक वैश्य समाज के आवास पर डॉ0 बृजभूषण बंसल की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में महाराजा अग्रसेन जयंती का कार्यक्रम धूमधाम से करने एवं वैश्य समाज के मेधावी छात्राओं को सम्मानित करने पर चर्चा की गई। बैठक में उपस्थित सदस्यों में देवराज मित्तल कोऑर्डिनेटर, अश्विनी गुप्ता कोषाध्यक्ष, संजय गुप्ता, नवीन जायसवाल पूर्व पार्षद, अमित मित्तल पार्षद, स्वदेश मित्तल उपाध्यक्ष, अनिल मित्तल पत्रकार, प्रवीण, विनोद, संजय अग्रवाल मोहनलाल, अनिल गोयल शाहिद 60 से अधिक सदस्य उपस्थित रहे।

# भाजपा नेता सतेंद्र त्यागी के जन्मदिन पर बधाई देने वालों का तांता लगा



वेलकम इंडिया

**मोदीनगर,(अनिल वशिष्ठ)।** भाजपा नेता सतेंद्र त्यागी के 72 वें जन्मदिन पर मंगलवार को उनके आवास पर भाजपा के अलावा अन्य दलों के नेताओं, सामाजिक, आध्यात्मिक व शैक्षणिक लोगों का बधाई देने वालों का पूरे दिन तांता लगा रहा। त्यागी जी ने सभी आगंतुक अतिथियों का आभार व्यक्त किया।

# निशुल्क सेवा शिविर का आयोजन किया



वेलकम इंडिया

मोदीनगर,(अनिल वशिष्ठ)।निवोक सुपर स्पेशलिस्ट हॉस्पिटल के तत्वावधान में कांवड़ियों की सेवार्थ हास्पिटल के ठीक सामने हाईवे पर मंगलवार को एक निशुल्क सेवा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ रालोद के जिला अध्यक्ष रामपाल चौधरी ने फीता काट कर किया।इस अवसर पर हास्पिटल के प्रबंधन में अमित शर्मा व सचिन अहलावत एवं स्टाफ भी मौजूद रहा।

# यूपीसीडा ने सौंदर्य और संरचना दोनों में भरा प्राण

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** उत्तर प्रदेश को एक ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था के लक्ष्य की ओर ले जाने के लिए प्रदेश सरकार और उसके अधीनस्थ विभागों द्वारा लगातार ठोस प्रयास किए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में औद्योगिक अधोसंरचना को मजबूत करने हेतु उत्तर प्रदेश राज्य औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यूपीसीडा) राज्य के विभिन्न औद्योगिक क्षेत्रों में योजनाबद्ध और व्यापक विकास कार्यों को अमलीजामा पहना रहा है। इसी क्रम में मंगलवार को साहिबाबाद औद्योगिक क्षेत्र (साइट-4) स्थित प्रमुख सौर ऊर्जा मार्ग पर एक अत्याधुनिक सौंदर्यकरण परियोजना का शुभारंभ किया गया है। इस परियोजना में लगभग छह किलोमीटर की लंबाई में सड़क के दोनों ओर फुटपाथ और ग्रीन बेल्ट का निर्माण किया जा रहा है। मध्य पट्टी यानी सेंट्रल वर्ज पर आकर्षक पाम ट्री रोपे जाएंगे, जो मार्ग को हरित और भव्य स्वरूप प्रदान करेंगे। परियोजना की कुल अनुमानित लागत 3.99 करोड़ निर्धारित की गई है। परियोजना के अंतर्गत ग्रीन बेल्ट क्षेत्र में स्वचालित सिंचाई व्यवस्था की स्थापना की जाएगी, साथ ही वहां सुंदर और पर्यावरण-संवेदनशील पौधारोपण भी किया जाएगा। फुटपाथ और ग्रीन एरिया में आधुनिक कियोस्क भी स्थापित किए जाएंगे, जिससे न केवल स्थानीय उद्यमियों को छोटे व्यापार के अवसर मिलेंगे, बल्कि आगंतुकों को भी बेहतर सुविधाएं प्राप्त होंगी। यूपीसीडा द्वारा साहिबाबाद औद्योगिक क्षेत्र में 64.7 करोड़ की लागत से अन्य कई अधोसंरचनात्मक परियोजनाएं भी तेजी से क्रियान्वित की जा रही हैं। इनमें सीमेंट कंक्रीट सड़कों और आरसीसी नालियों का निर्माण, पेवर ब्लॉक बिछाने का कार्य, जल निकासी व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए सिल्ट सफाई, परिसरों एवं उपखंडों में सड़क और जल निकासी प्रणाली का उन्नयन शामिल है। क्षेत्र में दो आधुनिक प्रवेश द्वारों का निर्माण भी प्रगति पर है, जिससे सुरक्षा और संरचनात्मक सौंदर्य को बल मिलेगा। औद्योगिक क्षेत्र में लंबे समय से चली आ रही एक प्रमुख मांग को ध्यान में रखते हुए ब्रिज विहार माइनर ब्रिज का निर्माण भी प्रारंभ किया गया है, जिससे स्थानीय स्तर पर अक्सर लगने वाले ट्रैफिक जाम की समस्या से स्थायी समाधान मिलने की उम्मीद है। लगभग छह किलोमीटर सड़कों का पुनर्निर्माण कार्य पूर्ण किया जा चुका है और आठ किलोमीटर सड़कों का निर्माण कार्य प्रगति पर है। मुख्य नाले समेत लगभग नौ किलोमीटर लंबी नालियों की सफाई भी पूरी की जा चुकी है। श्रमिकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए एक श्रमिक सुविधा केन्द्र का निर्माण कार्य भी पूरा किया गया है। यूपीसीडा के मुख्य कार्यपालक अधिकारी श्री मयूर माहेश्वरी के निर्देशन में संचालित यह समस्त प्रयास केवल क्षेत्र के भौतिक सौंदर्य को बढ़ाने तक सीमित नहीं है, बल्कि इसका उद्देश्य साहिबाबाद को एक ऐसा हरित, सुरक्षित और सुविधाजनक औद्योगिक केंद्र बनाना है, जहां निवेशकों को विश्वस्तरीय अधोसंरचना और संचालन वातावरण उपलब्ध हो। इस बहुआयामी पहल के माध्यम से यूपीसीडा न केवल क्षेत्रीय औद्योगिक विकास को गति दे रहा है, बल्कि उत्तर प्रदेश को औद्योगिक उत्कृष्टता की दिशा में एक वैश्विक मॉडल के रूप में स्थापित करने की दिशा में भी तेजी से आगे बढ़ रहा है।



# जिलाधिकारी और एडीशनल सीपी आलोक प्रियदर्शी ने किया औचक निरीक्षण

**वेलकम इंडिया**

**गाजियाबाद।** श्रावण मास में करोड़ों श्रद्धालुओं की आस्था से जुड़ी कांवड़ यात्रा को लेकर जिला प्रशासन और पुलिस महकमा पूरी तरह मुस्तैद नजर आ रहा है। मंगलवार को जिलाधिकारी दीपक मीणा एवं एडीशनल पुलिस कमिश्नर आलोक प्रियदर्शी ने मुरादनगर स्थित 'छोटा हरिद्वारर्ज समेत जनपद के विभिन्न कांवड़ मार्गों का औचक निरीक्षण कर तैयारियों का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान दोनों अधिकारियों ने यात्रा मार्गों की साफ-सफाई, पेयजल आपूर्ति, प्राथमिक चिकित्सा और स्वास्थ्य सेवाएं, यातायात प्रबंधन, सुरक्षा इंतजामों और प्रशासनिक कांवड़ शिविरों की मौजूदा स्थिति को परखा। उन्होंने मौके पर मौजूद अधिकारियों को



जरूरी दिशा-निर्देश जारी करते हुए हर बिंदु पर मानक के अनुरूप काम सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी दीपक मीणा ने कहा कि कांवड़ यात्रा में आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने सभी विभागों को निर्देशित किया कि सभी व्यवस्थाएं निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण की जाएं, ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। उन्होंने विभिन्न कांवड़ शिविरों का भी निरीक्षण किया और साफ-सफाई, बिजली, चिकित्सा एवं शौचालय जैसी मूलभूत सुविधाओं की समीक्षा की। वहीं, एडीशनल सीपी आलोक प्रियदर्शी ने पुलिस अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि संवेदनशील और भीड़भाड़ वाले स्थलों पर विशेष सतर्कता बरती जाए। उन्होंने सुरक्षा बलों को हर स्तर पर सतर्क और सक्रिय रहने की हिदायत दी, ताकि यात्रा शांति और सुव्यवस्था के साथ संपन्न हो सके। निरीक्षण के दौरान एडिशनल डीसीपी ट्रैफिक श्री सचिदानन्द, पुलिस एवं प्रशासन के अन्य वरिष्ठ अधिकारी, यात्रा ड्यूटी पर तैनात सेक्टर मजिस्ट्रेट, तथा संबंधित विभागों के प्रतिनिधि भी उपस्थित रहे। अधिकारियों की यह संयुक्त मुहिम दशार्ती है कि प्रशासन श्रद्धालुओं की भावनाओं के सम्मान के साथ-साथ सुरक्षा और व्यवस्था के लिए पूरी तरह सतर्क और संकल्पित है।

# युवाओं के लिए सुनहरा अवसर, 113 अभ्यर्थियों को मिला रोजगार का तोहफा

**वेलकम इंडिया**

**गाजियाबाद।** युवाओं को रोजगार के अधिकाधिक अवसर उपलब्ध कराने और उन्हें उद्योग जगत से जोडे की दिशा में एक और बड़ा कदम उठाया है। उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन, लखनऊ एवं प्रशिक्षण निदेशालय, उ.प्र. के निदेर्शानुसार मंगलवार को राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई), गाजियाबाद में वृहद रोजगार मेला एवं प्रधानमंत्री राष्ट्रीय शिशिक्षु मेला का भव्य आयोजन सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। इस अवसर का शुभारंभ मुरादनगर विधानसभा क्षेत्र के सभासद नितिन कुमार एवं शिवा चौधरी ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। मुख्य मंच से युवाओं को प्रेरित करते हुए अतिथियों ने कहा कि ऐसे आयोजन न केवल युवाओं को स्वरोजगार के लिए सशक्त करते हैं, बल्कि उन्हें उद्योगों की जरूरतों से जोड़कर व्यावसायिक दक्षता की दिशा में भी मार्ग प्रशस्त करते हैं। रोजगार मेले में



गाजियाबाद एवं एनसीआर क्षेत्र की अग्रणी कंपनियों मारुति सुजुकी इंडिया लिमिटेड, श्रीराम पिस्टन एंड रिंग्स लिमिटेड, कोजेंट इंडस्ट्रीज लिमिटेड, रिलाएबल फर्स्ट एडकोन प्रा.लि., पुखराज हेल्थ केयर प्रा.लि. समेत कुल 13 प्रतिष्ठानों ने भाग लिया। इन कंपनियों ने उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन और शिशिक्षु प्रशिक्षण योजना के तहत चयन प्रक्रिया संपन्न की। इस दौरान 500 रिक्तियों के सापेक्ष 113 प्रशिक्षार्थियों को चयनित कर नियुक्ति पत्र प्रदान किए गए। मेले में कुल 567 प्रशिक्षार्थियों ने प्रतिभाग किया, जो कि उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन एवं विभिन्न राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों से व्यावसायिक कोर्सेज में उत्तीर्ण थे। न केवल कंपनियों ने चयन प्रक्रिया को गंभीरता से लिया, बल्कि युवा अभ्यर्थियों में भी भारी उत्साह देखने को मिला।

# यूपी सरकार का फर्जी लोगो और पहचान लिखवाकर चला रहा था टशन की गाड़ी, पुलिस ने किया सीज

**वेलकम इंडिया**

**गाजियाबाद।** प्रशासनिक पद की धौंस दिखाने और सड़कों पर टशनबाजी करने की मंशा रखने वाले एक युवक की पोल उस समय खुल गई जब मोदीनगर पुलिस ने उसे सोमवार रात वाहनों की चेकिंग के दौरान दबोच लिया।

आरोपित युवक ने अपनी बोलेरो कार पर न सिर्फ ₹मजिस्ट्रेट₹ और ₹यूपी सरकार₹ जैसा सरकारी तमगा बड़े-बड़े लाल अक्षरों में लिखवा रखा था, बल्कि गाड़ी पर यूपी सरकार का फर्जी लोगो भी चस्पा कर रखा था। कादराबाद चेक पोस्ट पर एसीपी ज्ञान प्रकाश राय के नेतृत्व में चल रही सघन चेकिंग के दौरान यह बोलेरो जैसे ही गुजरी, पुलिस को उसकी गाड़ी पर लगे तमगों को देखकर शक हुआ। टीम ने तत्परता दिखाते हुए कार को रुकवाया और चालक से पूछताछ शुरू की। शुरूआती सवाल-जवाब में चालक पहले तो हड़बड़ा गया और बातों को टालने की कोशिश करने लगा। उसने पुलिस को गुमराह करने के लिए यह कह डाला कि यह कार किसी उच्चाधिकारी की है। लेकिन जब पुलिस ने गहराई से जांच की तो उसका झूठ तुरंत सामने आ गया। पूछताछ में युवक की पहचान सूरज कुमार निवासी गंगानगर, मेरठ के रूप में हुई। उसने कबूल किया कि किसी सरकारी पद से उसका कोई लेना-देना नहीं है, बल्कि सिर्फ दिखावे और धौंस के लिए उसने अपनी कार को 'सरकारी लुक' देने के लिए फर्जी तरीके से ₹मजिस्ट्रेट₹ और ₹यूपी सरकार₹ लिखवा रखा था। पुलिस ने तत्काल कार को कब्जे में लेकर सीज कर दिया है।

# राष्ट्रीय समाज पार्टी ने डीएम गाजियाबाद के माध्यम से दिया प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन

**वेलकम इंडिया**

गाजियाबाद (उ.प्र) हिसार हरियाणा पुलिस कि बर्बरता पर राष्ट्रीय समाज पार्टी ने डीएम गाजियाबाद के माध्यम से दिया प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन 12 क्वार्टर हिसार हरियाणा में गणेश पुत्र विक्रम परिवार म्यूजिक बजाकर जन्मदिन मना रहा था। बाबासाहेब आंबेडकर द्वारा रचित भारतीय संविधान हर भारतीय को यह मौलिक अधिकार प्रदान करता है। लेकिन शराब के नशे में धुत हरियाणा पुलिस हिसार जिले के भारत नगर 12 क्वार्टर में जबरन म्यूजिक बंद करवाने आए जाति सूचक गालियां दी कुछ और पुलिसकर्मी बुलवाकर मारपीट चालू कर दी महिलाओं को भी नहीं बक्शा महिलाओं के साथ



बदतमीजी की अच्छे दिन वाले ऐसे भयावह हालात को देखकर मासूम गणेश वाल्मीकि अपने दोस्त के साथ डर से भयभीत होकर छत पर चढ़ गया और छुप जाता है। पुलिस वाले छत पर चढ़कर उन दोनों बच्चों को छत से लाठी मार कर नीचे फेंक देते हैं और गणेश की मौके पर ही मौत हो गई दूसरा अस्पताल में भर्ती है मा. प्रधानमंत्री जी यह कोई हादसा नहीं है साफ तौर पर दलित विरोधी एक पुलिसया हत्या है। आज 9 दिन बीत जाने पर भी आज तक बच्चे का शव अंतिम संस्कार का इंतजार कर रहा है। पीड़ित का अभी तक मुकदमा भी पंजीकृत नहीं किया गया है। राष्ट्रीय अध्यक्ष अनुसूचित मोर्चा नरेश कीर ने माननीय गृहमंत्री अमित शाह जी से गुजारिश कि है कि तत्काल आवश्यक कार्रवाई कर अनुग्रहित करें। वैसे यह घटना अत्यंत दुखद और दंडनीय है। हमारी संवेदनाएं परिजनों के साथ हैं। प्रकृति उन्हें इस असीम दुख को सहने की शक्ति प्रदान करें। इस अवसर पर राष्ट्रीय समाज पार्टी अनुसूचित मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नरेश कुमार कीर, प्रदेश महासचिव भूरे सिंह, पश्चिमी उत्तर प्रदेश रामभूल पाल, सोमपाल भाईचारा कमेटी अध्यक्ष, पूनम पाल क्षेत्रीय अध्यक्ष महिला मोर्चा, जयदीप पाल युवा जिला अध्यक्ष, राजेंद्र पाल से कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# बहुभाषी कवि सम्मेलन में झलका भारत का सांस्कृतिक वैभव




**वेलकम इंडिया**

**गाजियाबाद/गजरौला।** श्री वेंकटेश्वरा विश्वविद्यालय में मंगलवार को उत्तर प्रदेश पंजाबी अकादमी, लखनऊ के सहयोग से बहुभाषी कवि सम्मेलन-2025 का भव्य आयोजन किया गया। इस गरिमामयी साहित्यिक मंच पर देश के कोने-कोने से आए दर्जनों ख्यातिप्राप्त कवियों और साहित्यकारों ने कविता पाठ कर जनमानस को भावविभोर कर दिया। कवियों ने हिन्दी, पंजाबी और अन्य भारतीय भाषाओं में रचनाएं प्रस्तुत कर न केवल साहित्य की विविधता को रेखांकित किया, बल्कि भारत की सांस्कृतिक आत्मा को भी सजीव कर दिया। सम्मेलन का शुभारंभ मां सरस्वती की वंदना से हुआ, जिसके बाद मंच पर कविता की रसधारा प्रवाहित हुई। पंजाब की प्रसिद्ध कवयित्री डॉ. जसप्रीत कौर फलक ने अपनी रचना इह धरती मुस्काई है।

# डीसीपी नगर ने कांवड़ मार्गों का किया मुआयना

**वेलकम इंडिया**

**गाजियाबाद।** श्रावण मास के अवसर पर उत्तर भारत की सबसे बड़ी धार्मिक यात्राओं में से एक कांवड़ यात्रा को लेकर गाजियाबाद पुलिस प्रशासन पूरी तरह सक्रिय हो चुका है। पुलिस उपायुक्त नगर (डीसीपी सिटी) धवल जायसवाल ने मंगलवार को थाना नंदग्राम क्षेत्रांतर्गत प्रमुख कांवड़ मार्गों का स्थलीय निरीक्षण करते हुए यात्रा को सुरक्षित, सुविधाजनक और शांतिपूर्ण बनाने के लिए अधिकारियों को कई अहम निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान डीसीपी के साथ सहायक पुलिस आयुक्त नंदग्राम पूनम मिश्रा, थाना प्रभारी नंदग्राम और संबंधित पुलिस टीम मौजूद रही। यात्रा के प्रमुख मार्ग दिल्ली-मेरठ रोड पर यात्रा लेन की बैरिकेडिंग, साफ-सफाई, यातायात के वैकल्पिक प्रबंध, मेडिकल इमरजेंसी सेवाएं और निगरानी व्यवस्था की गहराई



से समीक्षा की गई। निरीक्षण के दौरान डीसीपी धवल जायसवाल ने स्पष्ट कहा कि कांवड़ यात्रा केवल एक धार्मिक उत्सव नहीं, बल्कि सामूहिक आस्था और अनुशासन का संगम है, जिसमें लाखों श्रद्धालु शामिल होते हैं। ऐसे आयोजन की सफलता के लिए प्रशासन और पुलिस की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण हो जाती है। श्रद्धालुओं की आस्था का सम्मान करते हुए हमारी प्राथमिकता है कि उन्हें न केवल सुरक्षित यात्रा मिले, बल्कि वे पूरी श्रद्धा और सुविधा के साथ अपनी यात्रा पूरी कर सकें। उन्होंने पुलिस अधिकारियों को निर्देशित किया कि विशेष रूप से भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों, शिविर स्थलों, मुख्य चौराहों और संवेदनशील इलाकों में पैदल गश्त, सीसीटीवी निगरानी, पुलिस सहायता केंद्र और आपात प्रतिक्रिया टीमों की तैनाती सशक्त ढंग से की जाए।

# आयुक्त आदर्श सिंह के विजन और सख्ती से राजस्व में उछाल, अवैध शराब पर ब्रेक

**वेलकम इंडिया**

**गाजियाबाद।** उत्तर प्रदेश की औद्योगिक और राजस्व व्यवस्था को पारदर्शी, अनुशासित और नवाचारयुक्त बनाने की दिशा में आबकारी आयुक्त आदर्श सिंह का नेतृत्व एक मील का पत्थर साबित हो रहा है। एक ओर जहां प्रदेश में अवैध शराब कारोबार पर प्रभावी शिकंजा कसा जा रहा है, वहीं दूसरी ओर विभागीय राजस्व में भी अभूतपूर्व वृद्धि दर्ज की जा रही है। आयुक्त आदर्श सिंह का मानना है कि सशक्त निगरानी, स्मार्ट टेक्नोलॉजी और जीरो टॉलरेंस की रणनीति से ही उत्तर प्रदेश को अवैध शराब मुक्त, और एक राजस्व सशक्त राज्य बनाया जा सकता है। इसी विजन को धरातल पर उतारने के लिए वे निरंतर जमीनी स्तर पर सक्रिय हैं। अपने चार दिवसीय पश्चिमी उत्तर प्रदेश के दौरे पर आयुक्त आदर्श सिंह लगातार मेरठ जोन के जिलों का निरीक्षण कर रहे हैं। इस दौरे का मुख्य उद्देश्य जिलावार आबकारी व्यवस्था की समीक्षा,



अवैध व्यापार पर निगरानी और अधिकारियों को लक्ष्य आधारित कार्यप्रणाली के लिए निर्देशित करना है। गाजियाबाद में मंगलवार को उन्होंने मोहन मीकिन डिस्टिलरी का औचक निरीक्षण किया, जहां वे बोतलों की भराई, पैकिंग और क्यूआर कोड प्रणाली की गहराई से जांच करते दिखे। निरीक्षण में संयुक्त आयुक्त दिलीपमणि तिवारी, उप आयुक्त नीरज वर्मा, जिला आबकारी अधिकारी संजय कुमार प्रथम, जिला आबकारी अधिकारी गौतमबुद्ध नगर सुबोध कुमार श्रीवास्तव समेत वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। निरीक्षण के दौरान आयुक्त आदर्श सिंह ने स्पष्ट रूप से कहा कि क्यूआर कोड पारदर्शिता और उपभोक्ता अधिकार का प्रतीक है। यदि उसमें कोई चूक होगी तो वह पूरे तंत्र की जवाबदेही पर प्रश्नचिन्ह लगाएगी। उन्होंने निर्देश दिए कि पैकिंग से लेकर निकासी तक हर चरण पर निगरानी अनिवार्य है। उन्होंने कहा कि यदि किसी चरण में लापरवाही मिली तो सिर्फ जिम्मेदार कर्मी ही नहीं, संबंधित जिलाधिकारी की जवाबदेही भी तय होगी। यह सख्ती विभाग में कार्यसंस्कृति के सुधार की दिशा में बड़ा कदम मानी जा रही है। आयुक्त आदर्श सिंह की नेतृत्व क्षमता और नवाचारपरक सोच ने आबकारी विभाग को एक बार फिर प्रदेश के सबसे प्रभावी राजस्व स्त्रोतों में तब्दील करना शुरू कर दिया है। राज्य सरकार के 'ट्रिलियन डॉलर इकोनॉमीर्ज के लक्ष्य में आबकारी विभाग की भूमिका अब सिर्फ राजस्व संग्रहण तक सीमित नहीं, बल्कि प्रशासनिक दक्षता, पारदर्शिता और तकनीकी सुदृढ़ता का प्रतीक बन रही है। उत्तर प्रदेश की सीमाओं से होकर गुजरने वाली अवैध शराब की तस्करी को रोकने के लिए आबकारी आयुक्त ने सीमावर्ती जिलों को विशेष रणनीति अपनाने के निर्देश दिए हैं।

# नगर निगम की तैयारियों का महापौर निरीक्षण किया

**वेलकम इंडिया**

**गाजियाबाद।** श्रावण मास में हरिद्वार से गंगाजल लेकर पैदल यात्रा करते हुए लौटते भोलेनाथ के भक्तों की सेवा और सुरक्षा को लेकर गाजियाबाद नगर निगम पूरी मुस्तैदी से जुटा है। यात्रा मार्ग की व्यवस्थाओं का जायजा लेने महापौर सुनीता दयाल खुद मैदान में उतरीं और नगर निगम क्षेत्र में विभिन्न कांवड़ शिविरों, मार्गों और सार्वजनिक स्थलों का स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने नगर निगम द्वारा की गई तैयारियों जैसे शिविरों के आसपास साफ-सफाई, जलापूर्ति के टैंकर, अस्थायी शौचालयों की उपलब्धता, प्रकाश व्यवस्था और 24 घंटे कार्यरत सफाई कर्मचारियों की स्थिति का गहराई से अवलोकन किया। निरीक्षण के दौरान महापौर ने वहां मौजूद सफाई कर्मचारियों से संवाद करते हुए कहा कि यह कोई साधारण यात्रा नहीं, बल्कि



आस्था का महासंगम है। शिवभक्त नंगे पैर यात्रा करते हैं, ऐसे में यदि सड़कों पर कोई कंकर या अवरोध हुआ, तो यह हमारी व्यवस्थाओं की विफलता होगी। उन्होंने विशेष रूप से सफाईकर्मियों को यह निर्देश दिया कि पूरे मार्ग को निरंतर साफ रखा जाए, ताकि श्रद्धालुओं की यात्रा निर्बाध और सुगम बनी रहे। महापौर ने निरीक्षण के दौरान मेरठ रोड पर स्थित ग्रीन बेल्ट का भी दौरा किया, जहां कुछ शिविर संचालकों द्वारा पौधों को नुकसान पहुंचाने की शिकायत मिली थी। उन्होंने इस पर नाराजगी जताते हुए स्पष्ट निर्देश दिए कि शहर की सुंदरता और पर्यावरण की रक्षा हम सभी की जिम्मेदारी है। शिविर लगाना जरूरी है, लेकिन इसके लिए पेड़ों और पौधों को नुकसान पहुंचाना किसी भी रूप में स्वीकार्य नहीं है। महापौर ने सभी शिविर संचालकों से अनुरोध किया कि वे ग्रीन बेल्ट में पौधों की रक्षा करें और सार्वजनिक स्थानों पर सजगता और मयार्दा बनाए रखें। महापौर ने निरीक्षण के अंत में सभी कांवड़ शिविरों के संचालकों से प्लास्टिक मुक्त शिविर संचालन की अपील भी की। उन्होंने कहा कि कांवड़ यात्रा को स्वच्छ और पर्यावरण अनुकूल बनाना हम सभी का दायित्व है। कृपया अपने शिविरों में प्लास्टिक का प्रयोग न करें, यह हमारे शहर की छवि और धरती के लिए एक सकारात्मक संदेश होगा। नगर निगम की तैयारियों और महापौर की सक्रियता यह दशार्ती है कि गाजियाबाद प्रशासन कांवड़ यात्रा को केवल एक परंपरा नहीं, बल्कि सामूहिक श्रद्धा, सेवा और समर्पण का उत्सव मान रहा है।

# श्रावण मास के प्रथम सोमवार को हुआ रुद्राभिषेक महोत्सव का दिव्य आयोजन

**वेलकम इंडिया**

**गाजियाबाद।** श्रावण मास के पहले सोमवार के पावन अवसर पर मंगलवार को कौशांबी स्थित प्राचीन सनातन धर्म मंदिर में रुद्राभिषेक महोत्सव का भव्य और दिव्य आयोजन किया गया। यह आयोजन कौशांबी के सात समर्पित परिवारों द्वारा संयुक्त रूप से किया गया, जिसमें पूरे क्षेत्र में शिवभक्ति का अद्भुत माहौल देखने को मिला। मंदिर परिसर में दोपहर 12 बजे से रात्रि 8 बजे तक पाँच वैदिक ब्राह्मणों द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के साथ भगवान शिव का रुद्राभिषेक विधिपूर्वक संपन्न कराया गया। श्रद्धालु घंटों तक भक्ति में डूबे, मंत्रध्वनि



और रुद्रपाठ की ऊर्जा से पूरा वातावरण शिवमय हो गया। रुद्राभिषेक के पश्चात भगवान शिव का भव्य फूलों से श्रृंगार किया गया, जिसमें गुलाब, मोगरा, बेला और हरश्रृंगार के पुष्पों से शिवलिंग को अलंकृत किया गया। इसके उपरांत पूरे विधि-विधान से शिव महाआरती का आयोजन हुआ, जिसमें उपस्थित जनसमुदाय ने एक स्वर में ओम नमः शिवाय का जाप कर वातावरण को पावन बना दिया। आरती के बाद भक्तों के बीच प्रसाद का वितरण किया गया, जिसमें प्रसाद स्वरूप फल, पंचामृत और हलवा का वितरण हुआ। आयोजन में सभी आयु वर्ग के श्रद्धालु उत्साहपूर्वक शामिल हुए। इस आयोजन में मुख्य अतिथि के रूप में वार्ड पार्षद कुसुम गोयल एवं पूर्व पार्षद डॉ. मनोज गोयल उपस्थित रहे, जिन्होंने आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे धार्मिक आयोजनों से समाज में सकारात्मक ऊर्जा और सांस्कृतिक चेतना का संचार होता है। कार्यक्रम के मुख्य संयोजक समाजसेवी सुनील गांधी, कौशांबी प्लॉट एरिया के अध्यक्ष देवेंद्र भार्गव, राजन मल्होत्रा, अजीत नारंग, संजय बत्रा, नरेश मिगलानी और सुदीप यादव ने जजमान के रूप में सम्मिलित होकर पूरे विधि-विधान से भगवान शिव का रुद्राभिषेक किया।